जबलपुर
शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-6
■ वर्ष : 19, अंक : 341
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 24

बंगाल हिंसा पर पं. प्रदीप मिश्रा का सीएम ममता बेनर्जी पर हमला

## वे मैडम कुछ नहीं कर रहीं, बुद्धि सही करने शिवपुराण करना होगा

**सनातन से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर हमला बोला।

इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, राजस्थान के चूरू जिले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव पुराण कथा सुना रहे हैं। रतनगढ़ के श्री नंदीशाला में आयोजित कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि सनातन से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं है।

**उन्हें राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए**

पंडित मिश्रा ने कहा कि राजस्थान के लोगों से बंगाल के लोगों को सीख लेनी चाहिए। रतनगढ़ की धरती पर छोटे से छोटा बच्चा सेवा भाव लेकर काम कर रहा है और एक वह बंगाल की मैडम हैं, जो सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं कर रही हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री को राजस्थान की धूल का तिलक लगाना चाहिए, तभी उन्हें सेवा भाव का अहसास होगा। चूरू जिले में कथा का आयोजन 11 से 17 अप्रैल तक सरदारशहर बाइपास स्थित शिव बाड़ी रोड पर किया गया।

## पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का करारा जवाब

# पाकिस्तान पीओके खाली करे, कश्मीर पर पाकिस्तान का कोई अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवादियों को पोषित और संरक्षित करने वाली पाकिस्तान की आर्मी ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान आर्मी के प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भारत और हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। वहीं, मुनीर ने कश्मीर राग भी अलापा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने दावा किया है कि कश्मीर को कोई भी ताकत अलग नहीं कर सकती है। मुनीर की इस टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है।

**कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है: रणधीर जायसवाल**



**बेल्जियम के संपर्क में है भारत**

*भगोड़े मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

**कैलाश मानसरोवर यात्रा और चीन से सीधी हवाई सेवा**

इस दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम जल्द ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जनता के लिए एक नोटिस जारी करेंगे। यात्रा जल्द ही फिर से शुरू होने की संभावना है। वहीं भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाओं पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से, दोनों देश इस बात पर सहमत हो गए हैं कि उड़ान संचालन फिर से शुरू होगा।

**गले की नस बताने पर भी दिया जवाब**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा कश्मीर को गले की नस बताने वाली टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है? यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। इसका पाकिस्तान के साथ एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए।

**बांग्लादेश के साथ सकारात्मक संबंध की उम्मीद**

भारत और बांग्लादेश संबंधों पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की उम्मीद करता है। हम एक लोकतांत्रिक, समावेशी बांग्लादेश के पक्ष में हैं। जहां तक व्यापार मुद्दों का सवाल है, पिछले हफ्ते हमने ट्रांसशिपमेंट सुविधा के बारे में घोषणा की थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु पंजाब
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

**पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी**



**इंदौर।** शहर के पंजाब नेशनल बैंक की सियागंज ब्रांच को अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने का मेल भेजा, जब सुबह बैंक मैनेजर ने धमकी भरा मेल देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बम डिस्पोजल एंड डिस्ट्रॉय स्वार्ड ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग की जहां कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**आरबीआई ने कैंसल किया बैंक का लाइसेंस**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अहमदाबाद स्थित 'कलर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक' का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उसके पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। आरबीआई ने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है।

**भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4% रहने का अनुमान**



**नई दिल्ली।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अपने नए अनुमान जारी किए। एजेंसी ने कहा है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 % रह सकती है, जबकि अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान 6.3 %पर बरकरार रखा गया है।

वक्फ कानून पर सुप्रीम सुनवाई: न तो वक्फ संपतियां डि-नोटिफाई होंगी, न ही कलेक्टर इस पर कोई फैसला लेंगे

# सरकार को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय, तब तक रहेगी यथास्थिति



**कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया।

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 'उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ' या 'दस्तावेजों की ओर से वक्फ' संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता।

> सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

**पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर कई याचिकाओं पर विचार करना असंभव**

**पीठ केवल 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी**




**सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा...**

**कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा**

*सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।*

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

**वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो**

अदालत ने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

**बीते दिन केंद्र सरकार से पूछे गए थे कड़े सवाल**

***सीजेआई खन्ना :*** *क्या 2025 का कानून उपयोग में आने से पहले उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ की गई सभी संपत्तियां अब वक्फ के रूप में अस्तित्व में नहीं रह गई है?*

***मेहता :*** *संपत्तियां रजिस्टर हैं, तो वक्फ ही रहेंगी।*

***सीजेआई :*** *अंग्रेजों के आने से पहले देश में संपति रजिस्ट्रेशन की सुविधा नहीं थी। अधिकांश मस्जिदें 14वीं और 15वीं सदी की हैं। उदाहरण के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद। वे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कहां से लाएंगे?*

***मेहता :*** *उन्हें अब तक रजिस्ट्रेशन कराने से किसने रोका है?*

***जस्टिस विश्वनाथन :*** *अगर सरकार ने धारा 3सी लागू कर उस संपति को सरकारी घोषित कर दिया तो क्या होगा?*

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी

# धनखड़ बोले-अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं

*धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया*



**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो।

> भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे

**भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा**

धनखड़ ने कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है।

**जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल का जिक्र**

धनखड़ ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले पर भी बात की। सात दिनों तक, किसी को इसके बारे में पता नहीं था। हमें अपने आप से सवाल पूछने होंगे। क्या देरी समझने योग्य है? क्षमा करने योग्य है? राष्ट्र बेचैन है क्योंकि हमारी संस्थाओं में से एक, जिसे लोगों ने हमेशा सर्वोच्च सम्मान और श्रद्धा के साथ देखा है, कठघरे में डाल दिया गया।

महू विधायक उषा का विवादित बयान

## जो लोकतंत्र को 'बेचेगा' वह अगले जन्म में बनेगा भेड़-बकरी

**इंदौर।** लोकतंत्र और वोट डालने को लेकर महू विधायक उषा ठाकुर का विवादास्पद बयान सामने आया है। एक कार्यक्रम में लोगों के बीच उषा ठाकुर ने कहा कि 1000 या 500 में वोट बिक जाए तो मनुष्य के लिए डूब मरने वाली बात है। लोकतंत्र में हम वोट डालने जाते हैं तो कोई देखता है क्या। आप अकेले होते हैं किसी ने कुछ ले दे भी लिया तो उसे ले लो, पर वोट डालते समय अपना ईमान मत गंवाओ वोट केवल भाजपा को दो।



■ उषा ने कहा कि भगवान से मेरी सीधी बात

प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

## अवैध रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मारी, नाबालिग की मौत

**मुरैना।** देवगढ़ में अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने 15 साल के लड़के को टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग की मौत हो गई। चालक फरार हो गया। गुस्साए परिजन और ग्रामीण शव सड़क पर लेकर बैठे गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के समझाने पर वे करीब 6 घंटे बाद माने और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। परिजन का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार पुलिस और माफिया की मिलीभगत से चल रहा है।



■ पुलिसवालों की कॉल डिटेल जांच की मांग

लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया

## रेलवे ट्रैक पर फंस गई जीप बुंदेलखंड एक्स. से टकराई

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में आने वाले मगरपुर गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे ट्रैक पर फंसी जीप (बोलेरो) से टकरा गई। इससे ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। वहीं करीब 35 मिनट ट्रेन भी यहां पर रुकी रही और लेट हुई। ग्वालियर से प्रयागराज की ओर जाने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन उप्र के मगरपुर ट्रैक के समीप पहुंची थी, जहां पर पहले से रेलवे ट्रैक पर फंसी हुई एक जीप से टकरा गई।



■ ट्रेन की टक्कर के बाद जीप के परखच्चे उड़े

# गृहमंत्री अमित शाह ने ली परेड की सलामी, जवानों को किया पुरस्कृत



**शहीद स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*नीमच में सीआपीएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड में सीआरपीएफ की 8 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। शाह ने कहा कि यह परेड जवानों में नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित कर विशिष्ट सेवाओं के लिए सुरक्षा बल के जवानों को पुरस्कृत किया।*

दिग्विजय सिंह की फिर फिसली जुबान

# बाबरी मस्जिद के शहीद होने पर दंगे हमने करवाए

**सिंह ने कहा बयान तोड़ा मरोड़ा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक कार्यक्रम के दौरान जुबान फिसल गई। सिंह ने कहा कि जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई तब मैं कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष था।

भोपाल में 1947 में भी ऐसे दंगा नहीं हुआ, लेकिन बाबरी मस्जिद गिरने पर दंगा हुआ। उन्होंने कहा, दंगा फसाद होने में हमने पूरी कोशिश की। दरअसल, दिग्विजय सिंह कहना चाहते थे कि दंगा फसाद रोकने की कोशिश की लेकिन उनकी जुबान फिसल गई। कांग्रेस नेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि शाजापुर के चौबदार वाडी में मुस्लिम समाज द्वारा सद्भावना सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया था।



**यह दिग्विजय का कबूलनामा : सारंग**

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वीडियो को ट्वीट कर कहा- सुनिए दिग्विजय सिंह का कबूलनामा। बाबरी मस्जिद को शहीद कहने वाले दिग्विजय सिंह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने दंगे करवाए। दिग्विजय सिंह की मानसिकता हिंदू विरोधी है। कांग्रेस ने हर समय दंगे भड़काने का काम किया है।

*तेज गर्मी शुरू...शुक्र है कि लू फिलहाल नहीं चली*

**भोपाल में पारा एक डिग्री बढ़कर 41 डिग्री पार पहुंचा**

# 43.6 डिग्री पर रहा नर्मदापुरम, चार दिन बाद कुछ जिलों में लू के बाद बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में गर्मी का पारा बढ़ रहा है। गुरुवार को भोपाल सहित सभी जिलों में तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है, लेकिन लू से राहत रही है। प्रदेश में सबसे गर्म नर्मदापुरम में पारा 43.6 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है।

एक दर्जन जिलों में तापमान 41 से 42 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को परेशान किया। धार, गुना, ग्वालियर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ सहित एक दर्जन जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा 1.3 डिग्री बढ़कर 41.1 डिग्री रहा।

***धार, गुना, ग्वालियर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ सहित एक दर्जन जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच***



**सात जिलों में रातें गर्म**

*देवास : 26.8*
*नर्मदापुरम: 26.6*
*सीहोर : 26.1*
*शाजापुर : 21.1*
*शिवपुरी : 26.1*
*सागर, रायसेन में रात का पारा : 26 डिग्री*

**अभी दिन में धूप, शाम को बादल रहेंगे**

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवा में नमी होने के साथ ही हवाएं दक्षिणी भी हो रही हैं। इससे भोपाल सहित कई जिलों में अभी सुबह से धूप रहेगी, जबकि दोपहर बाद हल्के बादलों का आना जाना रहेगा। इससे तपिश लोगों को देर शाम तक परेशान करेगी।*

# यह नकली गांधी परिवार खानदानी भ्रष्ट और चोर, किसानों को लूटा, देश को लूटा और अब सवाल उठे तो मचा रहा शोर

## राहुल, सोनिया और वाड्रा पर भाटिया ने किया तीखा हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के नेता गौरव भाटिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर हमला बोला और उन्हें 'वंशानुगत भ्रष्ट' व्यक्ति करार दिया। यह बयान गुरुग्राम भूमि मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वाड्रा से पूछताछ के बीच आया है।

भाटिया ने वाड्रा को 'भू-माफिया' करार दिया, जिन पर किसानों की जमीनों को गलत तरीके से हड़पने का आरोप है। उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड घोटाले, सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले और दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स घोटाले से जोड़ते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आपको जानकर हैरत होगी कि एक ऐसा भ्रष्टाचारी नकली गांधी परिवार इस देश में है, जो हर कानून को तोड़ता है। उनको जनता की चिंता नहीं, बल्कि अपने दामाद की चिंता है। ये नकली गांधी परिवार खानदानी भ्रष्ट और खानदानी चोर है।जीजा जी जमीन घोटाले में भूमाफिया बनकर किसानों की जमीन हड़पते हैं, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम नेशनल हेराल्ड घोटाले में आ रहा है, सोनिया गांधी का नाम वीवीआईपी चॉपर घोटाले और नेशनल हेराल्ड घोटाले में आ रहा है।

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर हमला बोला और उन्हें 'वंशानुगत भ्रष्ट' व्यक्ति करार दिया। वाड्रा को 'भू-माफिया' करार दिया, जिन पर किसानों की जमीनों को गलत तरीके से हड़पने का आरोप है। इसके अलावा, उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड घोटाले, सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले और दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स घोटाले से जोड़ते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया।

**यह दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्ट परिवार**

*राहुल का नाम नेशनल हेराल्ड घोटाले में, सोनिया का नाम वीवीआईपी चॉपर घोटाले में*

### वाड्रा भू-माफिया, उसने किसानों को लूटने की कसम खाई



उन्होंने उन्हें वंशानुगत भ्रष्ट परिवार बताया है। वाड्रा के गुरुग्राम की जमीन मामले में जांच की जा रही है। इसी मामले पर गौरव भाटिया ने उन पर निशाना साधा। भाटिया ने आरोप लगाते हुए कथित रूप से उन्हें लैंड माफिया बताया, जो कि किसानों की जमीन को हड़पने में शामिल रहे हैं। उन्होंने राहुल पर नेशनल हेराल्ड घोटाले में जुड़े होने का आरोप लगाया और सोनिया पर वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े होने और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले जुड़े होने का आरोप लगाया। भाटिया ने कहा कि क्या इस परिवार ने कसम खा ली है कि वे जहां भी जाएंगे, भारत और किसानों की जमीन को लूटेंगे? उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते हैं कि उनसे कोई सवाल पूछे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपनी और कांग्रेस की नजर में वाड्रा एक जन नेता हैं। लेकिन जनता की नजर में वह एक भू-माफिया और एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं और हकीकत भी यही है।

**7.5 करोड़ की जमीन 58 करोड़ में बेच दी**

गुरुग्राम के शिकोहपुर में 7.5 करोड़ रुपए में जमीन खरीदकर डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेचने के मामले में वाड्रा से पीएमएलए के तहत पूछताछ के बाद भाटिया ने अपनी प्रतिक्रिया में उन्हें भू-माफिया बताया। उन्होंने कहा कि इस पूछताछ से यह कड़ा संदेश गया है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। भाटिया ने कहा कि भू-माफिया वाड्रा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। यह हरियाणा में हुए भूमि घोटाले से संबंधित है। उस समय कांग्रेस सत्ता में थी और इसे शिकोहपुर भूमि घोटाले के रूप में जाना जाता है।

**अनुराग का कांग्रेस पर हमला**

### नेशनल हेरॉल्ड मामले की होकर रहेगी जांच

**नाहन।** हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जिला सिरमौर के सराहां में



पच्छाद भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस पर हमला बोला है।उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के औरों को चवन्नी, हिमाचल के कितने घरों में आता है। इस पर भी एक सर्वे होना चाहिए, क्या किसी मीडिया कर्मी के घर में आता है नेशनल हेराल्ड? उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदेश में इसकी एक भी प्रति नहीं आती है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार के द्वारा अखबार को करोड़ों रुपए के विज्ञापन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब ईडी ने इस बड़े घोटाले की जांच करनी शुरू की, तो कांग्रेस ने चोर मचाए शोर अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से जो करोड़ों रुपया नेशनल हेराल्ड को गया है, उसकी जांच तो होकर ही रहेगी।

**सोनिया-राहुल के बचाव में उतरी कांग्रेस**

### खरगे की अध्यक्षता में रणनीतिक बैठक होगी



कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बचाव में अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए पार्टी ने गुरुवार को हेराल्ड मामले के विरोध में आंदोलन और प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने के लिए एक अहम बैठक बुलाई। यह बैठक शनिवार शाम 4 बजे दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी भवन में आहूत की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार इसमें पार्टी के सभी महासचिव, प्रदेश प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे।

**पूछताछ के बाद वाड्रा ने कहा**

### अगर कल छुट्टी नहीं होती तो जन्मदिन भी ईडी दफ्तर में मनाना पड़ता

जाने-माने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन ईडी ने पूछताछ की। ईडी की



पूछताछ के बाद रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि कोई नया सवाल नहीं था, सभी सवाल एक जैसे ही थे। अगर कल सार्वजनिक अवकाश नहीं होता तो मुझे अपना जन्मदिन ईडी दफ्तर में मनाना पड़ता। इससे पहले दो दिनों में रॉबर्ट वाड्रा से करीब साढ़े 11 घंटे (पहले दिन छह घंटे और दूसरे दिन साढ़े पांच घंटे) तक पूछताछ हो चुकी है।

**राहुल व सोनिया भी फेर में**

### इन पर 20 से ज्यादा भ्रष्टाचार के मामले दर्ज

ईडी ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। आरोपपत्र में इन पर एसोसिएट्स जर्नल लिमिटेड (एजेएल) के अंतर्गत आने वाली 2000 करोड़ की संपत्ति को हड़पने का आरोप है। सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से भी ईडी जमीन के लेनदेन से जुड़े मामले में पूछताछ कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब गांधी परिवार के सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ी हो। राहुल गांधी, प्रियंका और सोनिया गांधी पर कुल मिलाकर 20 से ज्यादा केस दर्ज हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### आप नेता पाठक के आवास पर छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार सुबह आप नेता दुर्गेश पाठक के



आवास पर छापेमारी की। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि यह तलाशी विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन के मामले से संबंधित है। आप के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दावा किया कि पिछले गुजरात चुनाव के दौरान भी यही हुआ था।

### राहुल जाएंगे अमेरिका ब्राउन विवि में देंगे भाषण

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वे ब्राउन



यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे। वे संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बताया कि राहुल 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका के रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे। वे भाषण देंगे। वहां पर वे छात्रों से बात करेंगे।

### गुजरात में भीषण टक्कर, 6 की मौत

**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में गुरुवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत



हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 11:30 बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुआ, जब एक ऑटोरिक्शा और गुजरात राज्य परिवहन निगम की बस में जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहाहै कि हिम्मतनगर से कच्छ जा रही परिवहन निगम की बस ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी थी।

### मुख्यमंत्री फडणवीस को 'जीत' पर समन जारी

**मुंबई।** कांग्रेस नेता की एक याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र



फडणवीस को समन जारी किया है। हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2024 के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली इस याचिका पर फडणवीस से जवाब मांगा। कांग्रेस नेता प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे फडणवीस से 39,710 वोट से चुनाव हार गए थे। अब वे कोर्ट पहुंचे हैं।

---

## उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में बंगाल सरकार को सख्त नसीहत दी

# हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात रहेगा केंद्रीय सुरक्षा बल भड़काऊ भाषणों पर नियंत्रण के लिए ताकीद किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। हालात जल्द शांत होने चाहिए।

कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती अभी बनी रहेगी। अदालत ने गुरुवार को कहा कि अभी फोर्सेज तैनात रहनी चाहिए। इसके अलावा भड़काऊ भाषणों पर भी नियंत्रण की जरूरत है।

अदालत ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिए जाएं, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। इस तरह उच्च न्यायालय ने हिंसा के मामलों में राज्य सरकार को सख्त नसीहत दी है। इसके अलावा अदालत ने माना है कि अब भी मुर्शिदाबाद जिले में हालात सामान्य नहीं हैं। इसलिए केंद्रीय बलों की तैनाती कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रहनी चाहिए।मुर्शिदाबाद में वक्फ ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस घटना में कई लोग मारे गए तो वहीं सैकड़ों परिवारों को पलायन करना पड़ा है। करीब ढाई सौ परिवार पड़ोस के मालदा जिले में पलायन कर गए हैं और वहां कैंपों में गुजर करने को मजबूर हैं।

### बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील

*वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान कोई अव्यवस्था न हो*



**मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर सियासत बढ़ी**

मुर्शिदाबाद के बवाल को लेकर राजनीति भी तेज है। बंगाल का यह जिला सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील है। यहां से टीएमसी के युसूफ पठान सांसद हैं, जिन्होंने 2024 के चुनाव में अधीर रंजन चौधरी को मात दी थी, जो कांग्रेस से यहां से लगातार जीतते थे। इस बीच सूबे के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का कहना है कि वह जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जाएंगे।

**ममता कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ा रहीं**

दरअसल पश्चिम बंगाल में वक्फ एक्ट को लेकर भी ममता कह रही हैं कि हम इसे लागू नहीं करेंगे। वहीं भाजपा का कहना है कि ममता के रुख से कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है और वे हिंसा कर रही हैं।

**आज मुर्शिदाबाद जाएंगे राज्यपाल**

### पीड़ितों से करेंगे मुलाकात और जानेंगे मैदानी हालात हर पहलू को देखेंगे और नजदीक से परखेंगे भी



बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजभवन का कोर ग्रुप मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। शुक्रवार को वे हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी और मुख्यमंत्री के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।उन्होंने कहा मैं जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जा रहा हूं। मैं इस मामले में हर पहलू को देखूंगा।

### हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी

राज्यपाल ने कहा कि संकट में फंसे लोगों को केंद्रीय बलों की ओर से समय पर मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग हिंसा फैला रहे हैं और उनके संरक्षक हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब यह एक लड़ाई होने जा रही है। अब हिंसा और अपराध के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यह अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई

डॉ. बोस ने यह भी कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि अन्याय और हिंसा के खिलाफ समाज की लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालतें, सरकार और समाज के सभी जिम्मेदार और सजग नागरिक एकजुट होकर इन अपराधियों को खत्म करने के लिए कड़ा रुख अपना चुके हैं।

### ममता ने यह दौरा स्थगित करने को कहा

सीएम बेनर्जी ने राज्यपाल बोस से हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले का दौरा स्थगित



करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं।

**यहां मुस्लिमों के खिलाफ, लेकिन सऊदी-दुबई में कौन करता है मेहमाननवाजी**

सीएम ममता ने पीएम पर निशाना साधा है। उनका कहना रहा है कि पीएम मोदी वैसे तो मुस्लिम समाज के खिलाफ रहते हैं। उन्होंने पार्टी पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि आप वैसे तो मुस्लिमों के खिलाफ हैं, लेकिन सऊदी में जब उनसे मिलते हैं, जब दुबई जाते हैं, तब आप किसकी मेहमानवाजी लेते हैं।



**एसएससी घोटाले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

### जब तक नई नियुक्तियां नहीं, अपने पद पर बने रहेंगे शिक्षक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से शिक्षक भर्ती घोटाले में शिक्षकों को एक बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि जब तक नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती, शिक्षक अपने पद पर बने रह सकते हैं। यहां पर समझने वाली बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की राहत उन्हीं शिक्षकों को मिलने वाली है जिनकी नियुक्ति में किसी तरह की कोई धांधली नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद 26 हजार के करीब शिक्षकों का भविष्य अंधकार में आ गया था। जिन शिक्षकों की नियुक्ति में धांधली पाई गई, उनकी नौकरी तो गई ही, इसके साथ-साथ उस समय सही तरीके से भी जिनकी नियुक्तियां हुई थीं, उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन अब उन निर्दोष शिक्षकों को ही सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय के लिए राहत दे दी है।

#### ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में कोई राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति ग्रुप सी या फिर ग्रुप डी में आती है, उन्हें कोई राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन दोनों ही कैटेगरी में धांधली के मामले में ज्यादा हैं। सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिए हैं कि वो 31 मार्च से नई प्रक्रिया शुरू करे और उसे 31 दिसंबर तक पूरा भी कर ले। किसी भी तरह की देरी ना करने की हिदायत दी गई है।

**दिल्ली के मंत्री सिरसा बोले**

### डायनासोर... की तरह दिल्ली से कूड़े के पहाड़ होंगे विलुप्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा



किया। पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद बताया कि दिल्ली सरकार ने अगले दो साल में कूड़े का ढेर खत्म करने का लक्ष्य रखा है। सिरसा ने कहा कि सरकार ने 2027 तक इस कूड़े के ढेर को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैसे धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए, वैसे ही कूड़े के पहाड़ भी विलुप्त करना है।

#### कूड़ों को हटाने सरकार प्रतिबद्ध

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया है, उसे पूरा करने को लेकर गंभीर है। दिल्ली के लोगों को साफ हवा और पानी मिलना चाहिए, और इसके लिए उनकी सरकार दिन-रात काम कर रही है।

#### लाखों मीट्रिक टन प्रोसेस किया जा चुका

गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब तक लगभग लाखों मीट्रिक टन कूड़े को प्रोसेस किया जा चुका है। इस साइट पर रोजाना लगभग 4,000 मीट्रिक टन कूड़े की प्रोसेसिंग की जा रही है और जून तक इसे बढ़ाकर 9,000 मीट्रिक टन प्रति दिन करने का लक्ष्य है। इसके लिए उच्च क्षमता वाली ट्रॉमेल मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

### यमुना सफाई पर पीएम ने की हाई लेवल चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुना नदी की स्थिति पर व्यापक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री,



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यमुना नदी की सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में एजेंसी की ओर से तैयार कार्य योजना की समीक्षा की गई, जिसमें नदी की सफाई के लिए तीन प्रमुख समयसीमाओं के तहत गतिविधियां शामिल हैं। ये हैं अल्पकालिक गतिविधियां (3 माह), मध्यमकालिक गतिविधियां (3 माह से 1.5 साल) और दीर्घकालिक गतिविधियां (1.5 से 3 साल तक)।

---

**हिमाचल में तूफानी हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया**

# जमीन से उखड़कर कारों के ऊपर गिरे पेड़, बिजली ठप

**बारिश व ओलावृष्टि से कई फसलें जमीन पर ही बिछ गई**

एजेंसी ▶▶ नाहन

जिला सिरमौर में देर रात को आए भयंकर तूफान के कारण नाहन बस स्टैंड के समीप एक आम का पेड़ दो कारों के ऊपर गिर गया। जिससे कारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। तूफान, बारिश व ओलावृष्टि से जिला सिरमौर के ऊपरी क्षेत्रों में पलम, आड़ू व खुमानी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मैदानी क्षेत्र में गेहूं की फसल तथा ऊपरी क्षेत्रों में जो की फसल को भी तूफान और बारिश से नुकसान हुआ है। तेज आंधी से जिला सिरमौर के किसानों और बागवानों को नुकसान हुआ है। अब तक 42 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट आंकी गई है।



### दूसरे दिन बिजली बहाल

विद्युत बोर्ड के 901 डीटीआर (ट्रांसफार्मर) दिनभर बंद रहे। सिरमौर जिला में रात 1:00 बजे बिजली गुल हो गई थी,जो शहरी क्षेत्रों में गुरुवार सुबह तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रात तक बिजली बहाल हुई। वही पांवटा साहिब उपमंडल में तूफान से तीन पक्के मकानों और रोनहाट उपतहसील में तीन कच्चे घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

**खाई में जा गिरी कार:** चढ़ाना व पांवटा साहिब गौशालायों को नुकसान पहुंचा है। तूफान के बीच पांवटा साहिब कालाअंब नेशनल हाईवे-7 पर एक कार 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। पंचायत प्रधान संदीप तोमर ने बताया कि आमवाला में गाड़ी करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

**इधर, आईएमडी ने जारी किया हीट वेव का अलर्ट**

### पहाड़ों में बारिश और कई राज्यों में प्रचंड गर्मी होगी

नईदिल्ली। उत्तर पश्चिम से लेकर मध्य भारत तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। पंजाब में कुछ जगहों पर पारा 43 पार कर चुका है, वहीं राजस्थान में 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान के जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी है। 19 अप्रैल तक राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर लू चल सकती है। इन राज्यों के अलावा तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है।

**24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान**


मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत देश के 24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जाहिर किया है। वहीं पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई है। रायपुर समेत 10 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार हैं। कुछ इलाकों में ओले भी पड़ सकते हैं।

**करुणानिधि स्मारक की सजावट पर विवाद**

### मंदिर टॉवर की प्रतिकृति लगाने पर भाजपा नाराज, तुरंत हटाएं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और द्रविड़ आंदोलन के प्रमुख नेता एम. करुणानिधि के चेन्नई स्थित स्मारक



पर मंदिर की शैली में सजावट पर नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। मरीना बीच स्थित इस स्मारक पर श्रीविल्लीपुथुर मंदिर के 'गोपुरम' (मंदिर टॉवर) की प्रतिकृति लगाए जाने पर भाजपा ने सत्तारूढ़ डीएमके सरकार की कड़ी आलोचना की है।

#### यह हिंदुओं की आस्था और विश्वास पर हमला


तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने सोशल मीडिया पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए इस प्रतीक को तुरंत हटाने की मांग की और इसे हिंदू आस्था पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व मुख्यमंत्री करुणनिधि के स्मारक के ऊपर मंदिर का गोपुरम रखने के लिए डीएमके की कड़ी निंदा करता हूं। यह अहंकार और मूर्खता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि एक शव को दफनाने वाली जगह पर मंदिर का गोपुरम कैसे बनाया जा सकता है। यह हिंदुओं की आस्था और विश्वास पर हमला है।




## खबर संक्षेप


### गूगल पर लगा 216.69 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने गूगल पर प्ले स्टोर की नीतियों को लेकर अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोप में 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि ट्रिब्यूनल ने गूगल को कुछ राहत दी है और कुल जुर्माना घटाकर 216.69 करोड़ रुपए कर दिया है, लेकिन बाकी राशि अब 30 दिनों के अंदर जमा करनी होगी। गूगल ने पहले ही जुर्माने का 10% हिस्सा जमा कर दिया था।



### कांगो में नाव हादसा 50 लोग जलकर मरे

**म्बांदाका।** कांगो में एक नाव हादसे में 50 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लापता हैं। हादसा मंगलवार को रात म्बांदाका शहर के पास कांगो नदीं में हुआ। नाव में करीब 400 यात्री सवार थे, जो मटांकुमु से बोलोंबा क्षेत्र जा रहे थे। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया यहा हादसा उस समय हुआ जब एक महिला नाव पर खाना बना रही थी, जिस दौरान आग लग गई और नाव पलट गई। कई यात्री नाव से बचने के लिए नदी में कूद गए।



## नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# विकसित राष्ट्र के साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति जल्द बनेगा भारत

भारत वैश्विक क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा

**‘मेक इन इंडिया’ के तहत भारत रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा**


**साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे, इनके लिए सुधार कर रहे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि वैश्विक रक्षा क्षेत्र में नेतृत्व की ओर भी तेजी से अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र के साथ-साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति के रूप में भी स्थापित होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि पहले भारत रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर था, लेकिन अब देश की सोच बदल गई है और हम एक आत्मनिर्भर रक्षा औद्योगिक ढांचे का निर्माण कर रहे हैं, जो न केवल हमारी जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यात को भी बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्री बताया कि ‘मेक इन इंडिया’ पहल के तहत भारत न केवल अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी लचीला और मजबूत बना रहा है।

### भविष्य में युद्ध का स्वरूप और जटिल होगा



*रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सैन्य ताकत किसी देश को डराने के लिए नहीं है, बल्कि यह शांति बनाए रखने के लिए एक विश्वसनीय प्रतिरोध है। उन्होंने कहा कि शांति तभी संभव है जब हम मजबूत हों। आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप और अधिक जटिल और अप्रत्याशित होगा, जहां साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे। इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सरकार निरंतर सुधार कर रही है और इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 को ‘सुधारों का वर्ष’ घोषित किया गया है।*

### 5,521 रक्षा उपकरण देश में बनाए जा रहे

*राजनाथ सिंह ने बताया कि 200 साल पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का निगमीकरण एक ऐतिहासिक कदम रहा है, जिससे ये इकाइयां अब लाभ कमा रही हैं। सेना और रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों ने अब तक कुल 5,521 रक्षा उपकरणों और प्रणालियों को ‘पॉजिटिव इंडीजेनाइजेशन लिस्ट’ में शामिल किया है, जिन्हें अब देश में ही बनाया जाएगा। रक्षा खरीद बजट का 75% हिस्सा अब घरेलू कंपनियों के लिए आरक्षित है।*

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पहुंचा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में भारत ने जबरदस्त प्रगति की है। वर्ष 2014 में जहां यह आंकड़ा 40,000 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक इसे 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना है। इसी प्रकार, रक्षा निर्यात 2013–14 में मात्र 686 करोड़ रुपए था, जो अब 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।*

### कई क्षेत्रों में भारत विकसित देशों के बराबर

*रक्षा मंत्री ने भारत की रणनीतिक ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), पनडुब्बी (आईएनएस अरिहंत), एयरक्राफ्ट कैरियर (आईएनएस विक्रांत), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर सुरक्षा और हाइपरसोनिक प्रणालियों जैसे क्षेत्रों में भारत अब विकसित देशों की बराबरी कर रहा है। हालांकि एयरो इंजन निर्माण अब भी एक चुनौती है, लेकिन ‘कावेरी इंजन’ परियोजना में तेजी से प्रगति हो रही है और जीई, सेफ्रन व रोल्स रॉयसजैसी वैश्विक कंपनियों से सहयोग पर बातचीत चल रही है।*

## तेहरान ने आखिरकार कर दी पुष्टि

# ईरान और यूएस की दूसरे दौर की रोम में होगी परमाणु वार्ता



अब्बास अराघची



स्टीव विटकॉफ

एजेंसी ▶▶ दुबई


ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। ओमान के विदेश मंत्री ने पिछले सप्ताहांत राजधानी मस्कट में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वार्ताकार थे। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ हैं।

### यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार

*संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपनाने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा।*

### वार्ता असफल तो करेंगे हवाई हमलेः ट्रंप

बता दें, दोनों देशों के बीच आधी सदी शत्रुता के बाद यह वार्ता हो रही है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं। ईरान ने भी अपने संवर्धित यरेनियम के स्तर को हथियार-श्रेणी के करीब बताते हुए परमाणु हथियार बनाने की धमकी दी है।




| | 125 NEON | 125 CARBON FIBRE | NS 125 BASE | N160 TWIN DISC | N160 USD |
|---|---|---|---|---|---|
| बचत | ₹2 310/- | ₹2 000/- | | | ₹5 594/- |
| स्पेशल क़ीमत (बचत के बाद) | ₹83 494/- | ₹92 013/- | ₹99 994/- | ₹1 23 720/- | ₹1 37 952/- |

72198 21111 | BAJAJ SECURE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम कीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. कीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम कीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफर्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एनसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Wright Town** FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre : Adhartal** 9479999997, **Anuppur** 9826688221, **Bahoriband 8602598363, Barghat** 9303455660, **Baihar** 9555367761, **Barhi 9179202547 Bichiya** 9424340254, **Bijuri** 8827988201 **Birsinghpur Pali** 6264386139, **Chhapara** 9713908909, **Chichli,** 9425419598, **Dhanpuri 7489650025, Dindori** 9425854910, **Gadarwara** 9617873963, **Gadasarai** 9522711045 **Gotegaon** 9424631001, **Hatta** 9425094139, **Jaisingh Nagar** 9425472262, **Kareli** 9926349292, **Katangi 9302930389 Keolari** 7879822080 **Keswahi 9669691764 Kirnapur** 9009464748, **Kotma** 9329404241, **Kundam** 9981874048, **Lakhnadon 7999593709, Madan Mahal** 7880097793, **Majholi** 7898404020, **Mandla** 077710 03238, **Manpur** 9993009143, **Nainpur** 9595929353, **Nowrozabad** 7697487999, **Palari** 9165621818, **Panagar 9302893617, Papaundh 9754290155 Patharia** 9893678714, **Rampur 9827246605, Saleemanabad** 8823822886, 9691093624 **Shahpura bhitoni** 9755453839, **Shahpura Dindori 7987250082, Sihora** 9826439447, **Umaria** 9302281902, **Waraseoni** 9425822517. **Saikheda 9893108022, Lanji 9424906995, Ghansore 7566551504, Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917, 7587524410 Badwara 9098307441,8462995655** Chandangaon 7771003685, **Adegaon 9926964389, Vijayraghogarh 8225880280, 769200280, Tendukheda 9424994577, Gokalpur 8109090222.**



# नवाजुद्दीन की 'कोस्टाओ' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** नवाजुद्दीन की आगामी फिल्म 'कोस्टाओ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के एक निडर कस्टम अधिकारी की दिलचस्प कहानी है। फैंस काफी समय से नवाज की फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर के साथ निर्माताओं ने इसके प्रीमियर की डेट की भी घोषणा की है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए ट्रेलर में नवाजुद्दीन एक जिद्दी कस्टम ऑफिसर की भूमिका में नजर आए हैं, जो आजाद भारत में सोने की सबसे बड़ी स्मगलिंग का खुलासा करना चाहते हैं। इस रैकेट में बहुत शक्तिशाली लोग शामिल हैं। अंदर के लोगों की मिलीभगत के चलते वह खुद जाल में फंस जाते हैं।

लाइफ Style

# नुसरत

## बहुत खलता है जब लोग उठाते हैं सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'लव सेक्स और धोखा' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली नुसरत भरूचा को 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में काफी पसंद किया गया। मगर बहुत जल्द ही नुसरत 'जनहित में जारी है', 'अकेली' और 'छोरी' जैसी फिल्मों से महिला मुद्दों को आगे ले जाने वाली हीरोइन बन गईं।

नुसरत की फिल्में 'जनहित में जारी' हो या 'अकेली' या फिर फिल्म 'छोरी 2' हमेशा महिला मुद्दों की बात करती है, मगर उनको निजी तौर पर लड़की होने के नाते क्या बात परेशान करती है? इस सवाल पर वह कहती हैं, 'लड़की होने के नाते मुझे बहुत सारी बातें परेशान करती हैं, मगर मेरी जिंदगी की लड़ाई भी नहीं कह सकती, मगर एक संघर्ष कहूं या फिर लगातार होने वाली बात है, जो मैं सालों से सुन रही हूं कि शादी कर लो, सेटल हो जाओ। गृहस्थी बसा लो। अब इस घर में मैं रह रही हूं। ये मेरा अपना घर है। मैं अपने पैरेंट्स की देखभाल कर ही रही हूं, तो ऐसा क्या है, जो मैं सेटल नहीं हूं। लोगों को को ऐसा क्यों लगता है कि मुझे शादी करके पति का घर संभाल कर उसकी चीजें करके ही सेटलमेंट का अहसास होगा। और उसी से सोसाइटी में लोगों को लगेगा कि सब ठीक है। अब ये सेटल है। वो जो लड़कियों को देखने वाल ऑप्टिक लेंस है, न मुझे उससे दिक्कत है। मैं शादी के खिलाफ नहीं हूं। अगर मुझे कल को कोई अच्छा लड़का मिल जाए, तो कल कर लूंगी। मुझे प्यार हो जाए, तो मैं मंदिर में जाकर शादी कर लूं। मगर जब लोग मुझसे कहते हैं, 'अभी तक शादी नहीं हुई?', 'अकेली रहती हो? अच्छा !' ये नजरिया जो है, वो बहुत खलता है।



हॉलीवुड मसाला



# लेबनान में 'स्नो व्हाइट' पर लगा प्रतिबंध

**लॉस एंजिल्स।** लेबनान ने डिज्नी की आगामी लाइव-एक्शन फिल्म 'स्नो व्हाइट' को सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की वजह फिल्म में इस्राइल अभिनेत्री गैल गैडोट की कास्टिंग है। फिल्म में उन्होंने दुष्ट रानी (ईविल क्वीन) का किरदार निभाया है। यह निर्णय लेबनान के गृहमंत्री अहमद अल-हज्जर ने लिया है। लेबनान की फिल्म और मीडिया निगरानी संस्था की सिफारिश के बाद यह कदम उठाया गया। गैल गैडोट लंबे समय से लेबनान की 'इजरायल बॉयकॉट लिस्ट' में शामिल हैं।




# मधुमेह के कारण हुई थी मौत...

**लॉस एंजिल्स।** मिशेल ट्रैचेनबर्ग ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जब उनकी मृत्यु हुई तो वह सिर्फ 39 साल की ही थीं। इतनी छोटी उम्र में मिशेल के निधन से उनके सभी चाहने वाले दुखी थे। वहीं, अब जाकर न्यूयॉर्क सिटी के मेडिकल परीक्षक कार्यालय की एक रिपोर्ट सामने आई है। मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा है कि अभिनेत्री मिशेल ट्रेचटेनबर्ग की मृत्यु मधुमेह की जटिलताओं के कारण हुई थी। 39 वर्षीय मिशेल, जो 'गॉसिप गर्ल' और 'बफी द वैम्पायर स्लेयर' जैसे शो के लिए जानी जाती थीं, फरवरी में मैनहट्टन के अपने अपार्टमेंट में बेहोशी की हालत में पाई गई थीं। शुरू में उनकी मृत्यु का कारण साफ नहीं हो पाया था, लेकिन प्रयोगशाला परीक्षणों के बाद इसे मधुमेह से जोड़ा गया।



# 'नो एंट्री' के सीक्वल में हुई तमन्ना की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'नो एंट्री'का अब अगला भाग बनने की तैयारी में है। पिछले काफी वक्त से फैंस 'नो एंट्री' के सीक्वल का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब अंततः ये होने जा रहा है। फिल्म को लेकर अब लगातार नई-नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से एक और खबर सामने आ रही है कि 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड की इस खूबसूरत हसीना की भी एंट्री हो गई है।'नो एंट्री 2' में अब इंडस्ट्री के बड़े सितारों की एंट्री हो रही है।, अब 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की भी एंट्री हो गई है। तमन्ना फिल्म में प्रमुख किरदार में नजर आ सकती हैं। इन रिपोर्ट्स की मानें तो यह तमन्ना की कॉमेडी में वापसी का प्रतीक है और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।



# जाट की सफलता के बाद जाट-2 का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की रिलीज को अभी हफ्ता भरा ही हुआ है कि फिल्म मेकर्स से इसके सीक्वल की घोषणा भी कर दी है, जिसका टाइटल होगा 'जाट 2'। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर जाट के सीक्वल की जानकारी देते हुए एक पोस्टर जारी किया है, जिस पर बोल्ड अक्षरों में जाट 2 लिखा दिखाई दे रहा है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर इस एक तस्वीर के साथ लिखा, जाट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद आराम नहीं कर रहा है। वह एक नए मिशन पर है। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद करेंगे। फिल्म का निर्माण मिथ्री ऑफिशियल और पीपल मीडिया एफसीवाई करेगा। एक्स अकाउंट पर माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा पोस्ट पर खासतौर पर सनी देओल का नाम बोल्ड अक्षरों में लिखा दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को लगा तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** अगर आप हिंदी टीवी सीरियल देखने के शौकीन हैं और इस बात को जानने में दिलचस्पी रखते हैं कौन सा सीरियल अच्छा कर रहा है, कौन सा नहीं, तो इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी हो गई है। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्टार प्लस का सीरियल उड़ने की आशा नंबर 1 पर है। इसकी टीआरपी 2 है। पिछले हफ्ते भी स्टार प्लस का शो 2.2 टीआरपी के साथ नंबर 1 पर था। पिछले हफ्ते की तरह ही इस बार भी नंबर 2 पर स्टार प्लस का सीरियल अनुपमा है। पिछले हफ्ते अनुपमा की टीआरपी रेटिंग 2 थी। इस बार तीसरे नंबर पर कलर्स का शो लक्ष्मी का सफर है। पिछले हफ्ते लक्ष्मी का सफर नंबर चार पर था। पिछले हफ्ते शो की रेटिंग 1.7 थी। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 है। कलर्स का शो लक्ष्मी का सफर इस हफ्ते स्टार प्लस के सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है को मात देकर नंबर तीन पर अपनी जगह बनाई है। वहीं, नंबर चार पर इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है। पांचवे नंबर पर कलर्स का टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी है। छठे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल जादू तेरी नजर है। वहीं, सातवें नंबर पर एडवोकेट अंजलि अवस्थी है। स्टार प्लस के सीरियल झनक की टीआरपी में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इस हफ्ते झनक 8वें नंबर पर है। सब टीवी का सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा 9वें नंबर पर है। वहीं, 10 वें नंबर पर कलर्स का टीवी सीरियल मन्नत है।

## झनक की टीम चांदनी को नहीं करती है पसंद

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में हर रोज नए ट्विस्ट और टर्न आते रहते हैं। ये ट्विस्ट और टर्न दर्शकों को खूब पसंद आते हैं। यही वजह है कि सीरियल ने अपने 500 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। झनक



सीरियल ने हाल ही में 500 एपिसोड्स पूरे किए हैं। इस मौके पर सेट पर जश्न का माहौल देखने को मिला। केक कटिंग के दौरान सेट पर मीडिया भी मौजूद रही। वहीं, जश्न की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए। झनक के सेट पर मनाए गए जश्न को लेकर नेशनल रिपोर्टर नाम के पोर्टल में दावा किया गया कि जश्न के दौरान शो में अर्शी का किरदार निभाने वाली चांदनी शर्मा को सीरियल की टीम ने इग्नोर किया। दावा किया गया था कि जब केक कटिंग हुई तो वहां सीरियल के सभी चेहरे नजर आ रहे थे, लेकिन अर्शी उस दौरान मौजूद नहीं थीं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था चांदनी सेट पर थीं, फिर भी उन्हें केक कटिंग के लिए नहीं बुलाया गया। कहा गया कि चांदनी शर्मा को मेकर्स उतना भाव नहीं देते हैं।



# हर दिन कुछ नया सीखना जिंदगी को करता है समृद्ध : अमिताभ

मुंबई। अमिताभ बच्चन ने हाल ही में नई पीढ़ी को संस्कार सिखाने की अहमियत पर अपने विचार साझा किए। 82 साल के इस दिग्गज अभिनेता का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में पारंपरिक मूल्यों का महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें युवाओं को नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए। अमिताभ ने अपने ताजा ब्लॉग में लिखा, 'हर दिन कुछ नया सीखना जिंदगी को समृद्ध करता है। यह सीख युवाओं से, नई पीढ़ी से या किसी भी पीढ़ी से आ सकती है, लेकिन इसका मूल्य सिर्फ भौतिक नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक भी होता है।' बिग बी के मुताबिक संस्कार वह शक्ति है जो हमारे व्यवहार को दिशा देती है। यह वह शिक्षा है जो हमें हमारे पूर्वजों ने अपने व्यवहार, मार्गदर्शन और आचरण से दी।

***बिग बी ने समय के महत्व पर की बात :*** उन्होंने संस्कार को जीवन की शोभा बताया, जो हमें यह सिखाता है कि कब और कहां कैसा व्यवहार करना चाहिए। अमिताभ ने लिखा, 'संस्कार हमारे जीवन को अंत तक प्रभावित करते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि हर प्राणी और पर्यावरण तक फैला है।' अमिताभ ने समय के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'जब समय कम होता है तो हम सबसे ज्यादा काम कर लेते हैं, लेकिन जब समय की कमी नहीं होती तो काम शुरू ही नहीं होता।' अमिताभ के मुताबिक हम अक्सर कहते हैं कि 'कल करेंगे', लेकिन वह 'कल' कभी नहीं आता। इस आलस्य को वह क्षमा लायक नहीं मानते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह भी कई बार समय के इस जाल में फंस जाते हैं, लेकिन वह अपने दिमाग की इस लड़ाई को जीतने की कोशिश करते हैं।

**संस्कारों की कमी चिंता का विषय :** अमिताभ का मानना है कि आज के दौर में संस्कारों की कमी चिंताजनक है। उन्होंने नई पीढ़ी को यह संदेश दिया कि हमें अपने मूल्यों को जीवित रखना होगा। उन्होंने कहा, 'संस्कार वह शक्ति है जो हमें सही रास्ता दिखाती है। इसे अपनाने से ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।'

# टाइम मैगजीन की लिस्ट में बॉलीवुड सितारे गायब



**लॉस एंजिल्स।** टाइम मैगजीन ने हर साल की तरह इस साल भी दुनिया के 100 प्रतिभाशाली लोगों की सालाना लिस्ट जारी कर दी है। साल 2025 की इस लिस्ट का इंतजार अब खत्म हो चुका है, जिसमें पहले शाहरुख खान से लेकर आलिया भट्ट तक ने बाजी मारी थी। दुखद ये है कि इस साल इस लिस्ट में किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम नहीं है। बीते साल 2024 में बॉलीवुड की आलिया भट्ट का नाम इस टाइम मैगजीन के 100 प्रभावी लोगों की लिस्ट में शामिल था। वहीं, साल 2023 में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शाहरुख खान टॉप पर थे। शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'पठान' के लिए 1.2 मिलियन वोट्स मिले थे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण 2018 में इस लिस्ट में शामिल थीं। वहीं इस साल भी ये उम्मीद थी कि इस बार भी किसी न किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम इस लिस्ट में होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

***एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन जैसे हॉलीवुड सितारे लिस्ट में :*** हॉलीवुड सिंगर एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन, एडम स्कॉट, क्रिस्टन विग, रशीदा जोन्स, डिएगो लूना, डैनियल डेडवाइलर, होज़ियर और मोहम्मद रसूलोफ़ जैसे सितारे टाइम मैगज़ीन की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सलाना लिस्ट में शामिल हैं।

## कॉमिक टाइमिंग और खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते हैं

# पर्दे पर सबको हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जीवन दुखों और कठिनाइयों से भरा रहा

***लॉस एंजिल्स।*** *चार्ली चैपलिन के नाम से जिस कलाकार को दुनिया पर्दे पर देखती रही है और जिन्हें देखकर बिना हंसे शायद ही कोई रुके, उनकी अपनी पर्सनल लाइफ में ढेर सारे दुख और तकलीफें रही हैं। बिना बोले ही अपनी कला और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में कहानियां बुनने में माहिर और अपनी कॉमेडी से लोटपोट करने वाले चार्ली चैपलिन हंसी और कॉमेडी की दुनिया के बेताज बादशाह रहे हैं। हालांकि, बचपन में खेलने-कूदने की उम्र में उन्होंने जो तकलीफें झेली हैं, उसकी कल्पना भी करके इंसान सिहर उठे। चार्ली चैपलिन का पूरा नाम चार्ल्स स्पेंसर चैपलिन है, जो फिल्मी दुनिया के इतिहास में चार्ली चैपलिन के नाम से मशहूर रहे। पर्दे पर उनकी मौजूदगी ही दर्शक के मुस्कुराने की गारंटी हुआ करती थी। हंसाने में माहिर चैपलिन न केवल अपनी कॉमिक टाइमिंग बल्कि खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते।*



### 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए

16 अप्रैल 1889 को उनका जन्म लंदन में हुआ था। वे अपने ऑनस्क्रीन किरदार 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए। लंदन में चैप्लिन का बचपन गरीबी और कठिनाइयों में बीता। उनके पिता की मौजूदगी से दूर उनकी मां आर्थिक रूप से काफी स्ट्रगल करती रही थीं। उन्हें 9 साल की उम्र से पहले दो बार वर्कहाउस (ब्रिटेन और आयरलैंड में, वर्कहाउस यानी गरीबों के लिए घर, एक संस्था जहां आर्थिक रूप से खुद का भरण-पोषण करने में असमर्थ लोगों को आवास और रोजगार की व्यवस्था की जाती थी।) भेजा गया था। वहीं, जब वह 14 साल के हुए तो तो उनकी मां को पागलखाने में भेज दिया गया था। चैपलिन ने काफी छोटी उम्र से ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था और म्यूजिक हॉलों का दौरा करने के बाद एक स्टेज कलाकार और कॉमेडियन के रूप में काम किया।

***चैपलिन की फिल्में :*** उनकी पहली फीचर-लेंथ फिल्म 'द किड' (1921) थी, उसके बाद 'ए वूमन ऑफ पेरिस' (1923), 'द गोल्ड रश' (1925) और 'द सर्कस' (1928) आईं। उन्होंने शुरू में 1930 के दशक में साउंड फिल्मों में जाने से इनकार कर दिया, इसकी जगह 'सिटी लाइट्स' (1931) और 'मॉडर्न टाइम्स' (1936) बिना डायलॉग के बनाया। उनकी पहली साउंड फिल्म 'द ग्रेट डिक्टेटर'(1940) थी , जिसमें एडोल्फ हिटलर का व्यंग्य किया गया था।

### चार्ली ने चार शादियां की

चार्ली चैपलिन ने चार शादियां की थीं। उन्होंने मिल्ड्रेड हैरिस, लिटा ग्रे, पॉलेट गोडार्ड और फिर 1943 में ऊना ओ'नील से शादी रचाई। इनसे इन्हें 11 बच्चे हुए, जिनमें चार्ल्स, सिडनी, गेराल्डिन, माइकल, जोसेफिन, विक्टोरिया, यूजीन और क्रिस्टोफर आदि शामिल हैं।

### मां को भेज दिया गया पागलखाने

सितंबर 1898 में, हन्ना को केन हिल मेंटल हॉस्पिटल में भेज दिया गया। सिफिलिस और कुपोषण के संक्रमण से मेंटल प्रॉब्लम हो गई थी। दो महीने तक वह वहां रही, चैप्लिन और उसके भाई सिडनी को अपने पिता के साथ रहने के लिए भेजा गया। चार्ल्स सीनियर तब तक गंभीर रूप से शराबी हो चुके थे और वहां का जीवन इतना बुरा था कि बच्चों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए राष्ट्रीय सोसायटी को वहां जाना पड़ा। चैपलिन के पिता की दो साल बाद, 38 साल की उम्र में, लीवर के सिरोसिस से मृत्यु हो गई।

### अमेरिकी छोड़ने के लिए किया गया फोर्स

1940 का दशक चैपलिन के लिए कॉन्ट्रोवर्सी से भरा रहा और उनकी पॉप्युलैरिटी में तेजी से गिरावट आई। उन पर कम्युनिस्ट सहानुभूति रखने का आरोप लगाया गया और प्रेस और जनता के कुछ सदस्य उनके पैटर्निटी मुकदमे में शामिल होने और काफी कम उम्र की महिलाओं से विवाह करने से नाराज थे। उनके खिलाफ एफबीआई की जांच शुरू हुई और उन्हें अमेरिकी छोड़ने के लिए फोर्स किया गया। साल 1952 में वो स्विट्जरलैंड में शिफ्ट हो गए। इसी के साथ उन्होंने फिल्मों में 'ट्रैम्प' वाले किरदार को भी छोड़ दिया, जिनमें 'मॉन्सियूर वर्दोक्स' (1947), 'लाइमलाइट '(1952), 'ए किंग इन न्यूयॉर्क' (1957) और 'ए काउंटेस फ्रॉम हांगकांग' (1967) शामिल हैं।

### आरोपित गंगा पाठक की ओर से रखी गई थी मांग

# हाई कोर्ट ने आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े की खबरों के प्रकाशन पर रोक से किया इनकार

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े की खबरों के प्रकाशन पर रोक से इनकार कर दिया। जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की सिंगल बेंच ने आरोपित पत्रकार गंगा पाठक व पत्नी ममता पाठक के अग्रिम जमानत के आवेदन पर सुनवाई एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता गंगा पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व पी तिवारी बहस के लिए खड़े हुए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपीलकर्ता द्वारा दायर जमानत आवेदन के बारे में बार-बार समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। लिहाजा, इस संबंध में कोई निर्देश जारी किए जाएं।

**आपत्तिकर्ता के वकील ने जताया विरोध :**

पत्रकार गंगा पाठक की ओर से उठाई गई मांग का आपत्तिकर्ता अधिवक्ता शैलेंद्र वर्मा गुड्डा ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-19-1-ए के अंतर्गत लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गई है, जिसे सामान्य परिस्थिति में इस तरह किसी आरोपित की मांग की प्रतिपूर्ति में बाधित नहीं किया जा सकता। आपत्तिकर्ता अधिवक्ता वर्मा ने आरोपित पत्रकार गंगा पाठक को संपादक निरूपित किए जाने का भी ओपन कोर्ट में विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिस मामले में अग्रिम जमानत चाही गई है, वह आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े का है। मुख्य आरोपित किसी समाचार पत्र का संपादक नहीं है। इसलिए पदीय गरिमा का ध्यान रखते हुए कोर्ट केस की रिपोर्टिंग पर रोक की मांग बेमानी है। उल्लेखनीय है कि गंगा व ममता पाठक की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ के विशेष



न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने बहुचर्चित आदिवासी भूमि फर्जीवाड़ा प्रकरण के आरोपित जबलपुर निवासी गंगा पाठक व पत्नी ममता पाठक की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्णा प्रजापति ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया था। उन्होंने दलील दी थी कि मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है। आदिवासियों की भूमि कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री कराए जाने का खेल खेला गया है। इस तरह के प्रकरण में आरोपितों को फरारी की स्थिति में अग्रिम जमानत का लाभ दिए जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट के विहित प्रविधान के अंतर्गत भी इस तरह के गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। आरोपितों के विरुद्ध तिलवारा व बरगी थाने में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर पति-पत्नी अग्रिम जमानत चाहते हैं। नियमानुसार इस तरह के प्रकरण में सरेंडर किए बिना अग्रिम जमानत के आवेदन पर विचार का प्रश्न नहीं उठता। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत से इनकार करते हुए अर्जी निरस्त कर दी थी। जिसके बाद हाईकोर्ट की शरण ली गई ।

## ओबीसी आरक्षण के मसले पर हाईकोर्ट में टली सुनवाई

**सुप्रीम कोर्ट में 24 अप्रैल को सुनवाई का हवाला देकर राज्य सरकार ने मांगी मोहलत, अगली सुनवाई 16 मई को होगी**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण देने और उसके विरोध में दायर याचिकाओं पर गुरूवार को सुनवाई टल गई। एडिशनल एडवोकेट जनरल हरप्रीत रूपराह की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 21 अप्रैल को सुनवाई होनी है। इसलिए सुनवाई बढ़ा दी जाए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की है। यूथ फॉर इक्वालिटी सहित 64 याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई निर्धारित थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और विनायक प्रसाद शाह ने कोर्ट से निवेदन किया कि जिन याचिकाओं में ओबीसी कानून को चुनौती नहीं दी गई है, उनका निराकरण कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि जो याचिकाएं सारहीन हो चुकी हैं उन्हें निरस्त कर दिया जाए। केवल उन याचिकाओं को ही विचारण में लिया जाए जिनमें कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। इस पर महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से पुनः कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों पर सुनवाई करने से मना किया है।



# आचार-पापड़ की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

## सिविक सेंटर में आग की लपटों से फैली दहशत

जबलपुर।

शहर के व्यवस्तम बाजार क्षेत्र सिविक सेंटर चौपाटी के पास बीते रात, आचार पापड़ की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की सामग्री जलकर खाक हो गई. इस घटना में दुकान का पूरा फर्नीचर, फ्रीजर, और माल जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुकान बनारसी प्रतिष्ठान के नाम से संचालित होती है, जिसके मालिक अमित चौरसिया हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को दिनभर दुकान बंद थी, हालांकि वह रात करीब 11 बजे तक सिविक सेंटर परिसर में ही मौजूद थे। रात करीब 1 बजे पास की दुकान में काम करने वाले लड़कों ने उन्हें सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग गई है।मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि आग ने विकराल रूप ले लिया था। फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई, जो पास में ही स्थित अपने कार्यालय से महज दो से तीन मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई। दमकल दल ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया, हालांकि तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भयावह थी कि आसपास की दुकानों में काम करने वाले लड़कों में दहशत फैल गई। वे तुरंत अपने-अपने मालिकों को फोन करने लगे। चूंकि इनमें से कई लड़के दुकानों के ऊपर ही निवास करते हैं, इसलिए घटना ने उन्हें और अधिक भयभीत कर दिया। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया और राहत की बात यह रही कि दमकल दल की तेज़ कार्रवाई के कारण आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंच सकी।फिलहाल आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ होगा, हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

**स्थानीय व्यापारियों में भी चिंता**

इस घटना के बाद सिविक सेंटर में दुकानदारों के बीच चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि रात में सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम पुख्ता नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से सिविक सेंटर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और फायर सेफ्टी के इंतजाम मजबूत करने की मांग की है।

# बीपीसीएल भिटोनी डिपो में मॉक एक्सरसाइज

जबलपुर।

भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड भिटोनी डिपो में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज़ का आयोजन किया गया। जिसमें बीपीसीएल कंपनी के अधिकारियों द्वारा पेट्रोल के टैंक में आग लगने का परिदृश्य रखा। जिसको बुझाने में जबलपुर ज़िला प्रशासन की सहायता ली गई। बीपीसीएल डिपो में स्थापित अग्निशामन उपकरणों द्वारा आग पर जल्दी काबू पाया गया और इससे आस पास फैलने से रोका गया। यह सम्पूर्ण मॉक ड्रिल प्रक्रिया बीपीसीएल भिटोनी डिपो के प्रादेशिक प्रबंधक श्री शुभांग पांडे एवं डिपो ईंचार्ज श्री मनीष कुमार गर्ग एवं ज़िला प्रशासन की निगरानी में हुई। घटना स्थल पर ज़िला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी जोशी, एसडीएम शाहपुरा श्री कुलदीप पाराशर, तहसीलदार श्री रवीद्र पटेल, आईटीबीपी से डिप्टी कमांडेंट श्री वासुदेव सिंह, एसडीआरएफ़ जबलपुर से श्री नीरज सिंह ठाकुर, डेप्युटी डाइरेक्टर फैक्ट्रीज़ श्री डी.के चौबे, आर्डनेंस फैक्टरी जबलपुर से श्री कैलाश चंद, रेल्वे जबलपुर की तरफ से हिमांशु गुप्ता, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल गैस, ट्रेफिक पुलिस, पुलिस थाना शाहपुरा, जिला स्वास्थ विभाग, फायर ब्रिगेड, नगर निगम जबलपुर एवं सिविल डिफेंस जबलपुर के अधिकारी मौजूद रहे। मॉक एक्सरसाइज़ का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशनसुर किया गया। जिसमें पेट्रोल टैंक में आग की सूचना से अफरा-तफरी मच गयी जिसमे जिला प्रशासन के नेत्रितव में एसडीआरएफ़ जबलपुर के द्वारा सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया, जिसमें घायलों को स्वस्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए मेडिकल कैंप पर इलाज़ मुहैया कराया गया। प्रशासन द्वारा ग्रीन कॉरीडोर की स्थापना की गई, ताकि गंभीर रूप से घायलो को शीघ्र ही जबलपुर पहुंचाकर बेहतर इलाज़ सुविधा मिल सके एवं स्थानीय व्यक्तियों को राहत कैंप में पहुचाया गया। इसके साथ ही रेल्वे द्वारा ओएचई लाइन एवं पैसेंजर रेल गाड़ियों को भी बंद रखने का कार्य किया गया।

## असिस्टेंट प्राफेसर के साक्षात्कार में शामिल करो

**हाईकोर्ट ने कहा, परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखने के निर्देश , पीएससी को जवाब के लिए समय दिया गया**

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-2022 में आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त किए जाने को प्रथमदृष्ट्या अनुचित पाया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अंतरिम आदेश के तहत याचिकाकर्ता को 21 अप्रैल को होने वाले साक्षात्कार में शामिल करने के निर्देश दिए। परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखने की व्यवस्था दी गई। पीएससी को जवाब पेश करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद नियत की गई ।
याचिकाकर्ता राजस्थान के बंसवारा निवासी उदित त्रिवेदी की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता चार्टेड एकाउंटेंट है, जिसका सर्टिफिकेट भी है। याचिकाकर्ता ने असस्टिंट प्रोफेसर-2022 के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद परीक्षा भी उन्होंने उत्तीर्ण की। लेकिन चयन सूची में नाम आने के बाद भी साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जा रहा है। इसका कारण असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पीजी डिग्री होने की आवश्यकता पूरी न करना बताया जा रहा है। यह रवैया इसलिए अनुचित है क्योंकि यूजीसी का सर्कुलर है कि सीए, सीएस व आईसीडब्ल्यूए को पीजी के समकक्ष माना जाए। आवेदक सीए है, अतः असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए योग्य है।

## अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए

# अतिक्रमण न हटाने पर अधिकारियों पर गिरेगी गाज : निगमायुक्त

जबलपुर।

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सोमवार को उन्होंने सर्किट हाउस नंबर-2 क्षेत्र का निरीक्षण कर मौके से ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए और साथ ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब सिर्फ चेतावनी नहीं, बल्कि कार्रवाई होगी – विशेषकर सहायक अतिक्रमण अधिकारी और दल प्रभारियों के विरुद्ध, यदि कार्य में लापरवाही



पाई गई।

निगमायुक्त ने सुरपमार्केट से गंजीपुरा, लॉर्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया और छोटा फुहारा तक के क्षेत्रों को चिन्हित कर, वहां अस्थाई दुकानों, ठेलों, टपरों और शेड्स को हटाने के लिए नियमित अतिक्रमण दस्ते की तैनाती के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन अतिक्रमणों के चलते यातायात अवरुद्ध होता है और आम नागरिकों को भारी परेशानी होती है।

## कट्टा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर**। घमापुर पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने मुख्बिर की सूचना पर मरघटाई मैदान के पास एक आरोपी को देसी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मरघटाई मैदान लाल कबर के पास आरोपी 20 वर्षीय यश राजपूत निवासी सिध्द बाबा वार्ड को दबोचा उसके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस मिले. आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## नवविवाहिता फांसी पर लटकी

**जबलपुर**। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सुनाचर में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उसने आत्म घाती कदम क्यों उठाया यह अभी अज्ञात है. पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है. बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 2 वर्ष पूर्व सुनाचर निवासी केशव लोधी से 25 वर्षीय विनीता लोधी का विवाह हुआ था. विनीता ने कल रात सबको खाना परोसा और कमरे में जाकर फांसी लगा ली. पुलिस मर्ग कायम कर आत्म हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

**सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का हो त्वरित निराकरण**

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

**जबलपुर**। जिला स्वास्थ्य समिति की कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी मौजूद थे। अपर कलेक्टर ने दस्तक अभियान एवं टीककारण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने विकासखण्ड सिहोरा, शहपुरा एवं कुण्डम तथा जिले के शहरी क्षेत्र में टीकाकरण कार्यक्रम को और गति प्रदान करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर श्री गोंड ने पोषण पुनर्वास केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के अधिकारियों के समन्वय से शत-प्रतिशत बेड आक्यूपेंसी बनाये रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। अपर कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की हिदायत भी स्वास्थ्य अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का निराकरण आवेदकों की संतुष्टि के साथ ही किया जाये। इसके लिये स्वास्थ्य अधिकारियों को आवेदकों से मैदानी अमले या दूरभाष के जरिये स्वयं संपर्क करना होगा तथा उनकी कठिनाइयों को समझकर निराकरण करना होगा। अपर कलेक्टर ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये विकासखण्ड बरगी एवं कुण्डम में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत बताई।बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम समीक्षा अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, निरोगी काया अभियान, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई ।

# आयोग ने जनहित के चार मामलों पर लिया संज्ञान

जबलपुर।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने आमजन से जुड़े चार महत्वपूर्ण मामलों में स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के आधार पर यह कार्यवाही की है। जानकारी क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने दी।

खमरिया स्थित ओएफके कॉलेज में एक 63 वर्षीय प्रोफेसर द्वारा छात्रा को अश्लील संदेश भेजने, जबरन संबंध बनाने का दबाव डालने और फेल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। आयोग ने इस गंभीर प्रकरण में जबलपुर पुलिस अधीक्षक से 15 दिनों में जांच रिपोर्ट और की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

**15 हजार की आबादी पर एकमात्र राशन दुकान**

जिले के बरेला क्षेत्र में लगभग 15 हजार की आबादी वाले इलाके में केवल एक राशन दुकान संचालित हो रही है, जिससे लोगों को खाद्य सामग्री प्राप्त करने में भारी परेशानी हो रही है। अधिक भीड़ के चलते कई बार अव्यवस्था और विवाद की स्थिति भी बनती है। आयोग ने जबलपुर कलेक्टर से मामले की जांच कर तीन सप्ताह के भीतर कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**स्कूल परिसर में वाहनों की पार्किंग से छात्रों को असुविधा**

गलगला स्थित एक सरकारी स्कूल के परिसर में निजी चार और दो पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग से बच्चों और शिक्षकों को भारी दिक्कत हो रही है। स्कूल स्टाफ की आपत्ति के बावजूद, वाहन पार्क करने वालों द्वारा उन्हें धमकाया भी जा रहा है। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी से तीन सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

**बिना सुरक्षा उपायों के मजदूरों से ऊंचाई पर काम**

लम्हेटाघाट में बन रहे केबल स्टे ब्रिज के निर्माण कार्य में श्रमिकों से 100 फीट की ऊंचाई पर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करवाया जा रहा है। यह मजदूरों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ है। पूर्व में भी ऐसी लापरवाही से कई हादसे हो चुके हैं। आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जबलपुर से 15 दिनों में सुरक्षा उपायों की जानकारी सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# जमीन के पुराने विवाद पर चाकू से युवक पर जानलेवा हमला

**जबलपुर**। अधारताल थाना अंतर्गत तालाब के पास जमीन के पुराने विवाद को लेकर चार आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. हमले में घायल युवक को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतस्य पालन विभाग में मजदूरी करने वाले अमखेरा निवासी, 23 वर्षीय अभिषेक रैकवार कल रात 12.30 पर अपनी मोटर सायकल से घर लौट रहा था, तभी अस्पताल के पास बारात निकलने के कारण वह रुक गया. इसी बीच वहां पराजेश रैकवार एवं राजेश के साथी शुभम रैकवार , नमन रैकवार एवं गौरव रैकवार उसे देखकर घूरने लगे. घायल ने बताया की राजेश से उसका जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है. घूर कर देखने और गाली गलौच करने पर ऐतराज करने पर राजेश ने उसके पेट और सिर पर हमला कर दिया, जबकी उसके साथियों ने हाथ घूसे से मारपीट की. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 115(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# पुस्तक मेला के बाद सेन्ट्रल लाइब्रेरी से संचालित होगा बुक बैंक

**जबलपुर**। स्कूली बच्चों और अभिभावकों को न्यूनतम दरों पर पुस्तक, कॉपी, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित किए गए पंद्रह दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला में बुक बैंक का स्टॉल लगाया गया था, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई थी। बच्चों और अभिभावकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा बुक बैंक का नियमित संचालन एमएलबी स्कूल के समीप स्थित केंद्रीय ग्रंथालय से किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने आज गुरुवार को एमएलबी स्कूल के केंद्रीय ग्रंथालय में स्थापित किये गये बुक बैंक का निरीक्षण किया। बुक बैंक में गुरुवार को ही



शासकीय माध्यमिक शाला दीक्षितपुरा में पदस्थ शिक्षिका नंदिनी श्रीवास्तव द्वारा बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग की किताबें बुक दान की गई।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर आयोजित किए गए पुस्तक मेले की तरह केंद्रीय ग्रंथालय से संचालित बुक बैंक में भी बच्चे और अभिभावक अनुपयोगी पुस्तकों को दान कर सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुरूप उपयोगी पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बुक बैंक में कक्षा पहली से पांचवी तक की किताबों का सेट 50 रूपए, कक्षा छठवीं से आठवीं तक की किताबों का सेट 100 रूपए, कक्षा नौवीं एवं दसवीं की किताबों का सेट 150 रूपए तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं की किताबों का सेट 200 रूपए में प्राप्त कर सकते हैं। पूर्व वर्ष की किताबों का सेट लेने वाले विद्यार्थियों से यह राशि भी दान स्वरूप ली जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार एमएलबी स्कूल के केंद्रीय ग्रन्थालय में स्थापित बुक बैंक में प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें भी दान की जा सकेंगी। ज्ञात हो कि पुस्तक मेला में लगाए गए बुक बैंक स्टॉल में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और अभिभावकों द्वारा पुस्तकें दान की गई थीं, जिसका जरूरतमंद बच्चों को भरपूर लाभ मिला था। बच्चों द्वारा पुस्तक मेला के बुक बैंक स्टॉल से ली गई किताबों से जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में 59 हजार 920 रूपए की राशि संकलित हुई थी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय कालोनियों और कार्यालयों, स्कूलों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि जबलपुर में शासकीय कर्मचारी कॉलोनी, स्कूल, कार्यालय के आसपास लगातार अवैध अतिक्रमण चल रहा है, वहीं कार्यालयों और स्कूलों के आसपास पान, गुटखा, नशीले पदार्थों के टपरे खुल रहे हैं। यह अतिक्रमण नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते फलफूल रहे हैं। इन अवैध अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाते हुए शासकीय कालोनियों, शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किए जाने की आवश्यक कार्यवाही अतिशीघ्र की जानी चाहिए। संघ के राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, विनय रामजे, सुनील झारिया आदि ने कमिश्नर एवं कलेक्टर से मांग की है।

### गर्मी से बचाव हेतु बिजली कंपनी ने जारी की एडवाइजरी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है। अप्रैल से जून 2025 के बीच तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना को देखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है, ताकि लू (हीट वेव) से बचाव किया जा सके। एडवाइजरी में बताया गया है कि अत्यधिक तापमान के कारण लोगों को सनबर्न, हीट क्रैम्प, हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। दिन में अधिक मात्रा में पानी, लस्सी, नींबू पानी, आम का पना आदि पिएं। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें। सिर को ढंककर रखें, छतरी या टोपी का प्रयोग करें। हल्के और सूती कपड़े पहनें, गहरे रंग से बचें। ठंडे पानी से नहाएं और शरीर को गीला रखें। गर्मी में गरिष्ठ भोजन, चाय, कॉफी, अल्कोहल से बचें। पूर्व क्षेत्र कंपनी की अपील- कंपनी प्रबंधन ने विद्युत उपभोक्ताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि गर्मी के प्रकोप से स्वयं को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

### गुड फ्राइडे पर्व पर क्रूस यात्रा आज

**जबलपुर।** संस्कारधानी का मसीही समाज आज शुक्रवार को गुड फ्राइडे का पर्व मनायेगा। इस दिन क्रूस पर प्रभु येसू की मृत्यु हुई थी। प्रभु यीशु ने संसार को प्रेम और शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा जो मेरा अनुसरण करना चाहता है, वह अपना क्रूस उठाकर मेरे पीछे हो ले। पुण्य शुक्रवार के पावन अवसर पर प्रातः 7.30 बजे से होली ट्रिनिटी चर्च, नेपियर टाउन, जबलपुर से क्रूस की दुःखमयी यात्रा प्रारंभ होगी। यह क्रूस यात्रा प्रातः 7.30 बजे से होली ट्रिनिटी चर्च से प्रारंभ होकर भंवरताल उद्यान, गुलाटी साइकिल कंपनी, जबलपुर हॉस्पिटल रसल चौक, राजीव गांधी चौक, नगर निगम चौक, मोटर स्टैंड, नव भारत प्रेस, संत नार्बट स्कूल के सामने से होती हुई वापिस चर्च प्रांगण में क्रूस आरोहरण के साथ समाप्त होगी। क्रूस यात्रा के संयोजक संजय मैथ्यूज ने बताया कि इस क्रूस यात्रा में प्रभु यीशु के दुख भोग के दृश्यों का सजीव मंचन किया जायेगा। इसमें प्रभु येसु को पिलातुस द्वारा प्राण दंड की आज्ञा से लेर कलवारी पहाड़ में क्रूस पर लटकते हुए असहनीय कष्टों एवं दर्द के उपरांत क्रूस मृत्यु का सजीव मंचन होगा।

## महापौर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# शहर में अवैध शराब दुकानों और अतिक्रमण पर होगी बड़ी कार्रवाई

जबलपुर। वर्षा ऋतु की तैयारियों को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जल प्लावन, स्वच्छता और संक्रामक बीमारियों से बचाव को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस बार शहर के किसी भी वार्ड से जल भराव की शिकायत नहीं आनी चाहिए, इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया जाए।

महापौर ने 400 डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियाँ चलाने, 7 बड़ी सफाई मशीनें और 296 अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि नाला-नालियों और कंजरवेंसी की सफाई में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी एमआईसी सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, धर्मेंद्र राज, पोला राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### अवैध शराब दुकानों पर कार्रवाई

महापौर अन्नू ने शहर में अवैध भवनों में संचालित शराब दुकानों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने को कहा गया है।

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश

वर्षाजल की निकासी में बाधा बनने वाले सभी अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाने के निर्देश भी महापौर ने दिए। उन्होंने कहा कि नाइट स्वीपिंग, नाला गैंग और वार्डों में लगे कर्मचारियों की भी आकस्मिक जांच कराई जाएगी ताकि जमीनी स्तर पर कार्य की पुष्टि हो सके।

### जुर्माना और चालानी कार्रवाई के निर्देश

महापौर ने शहर में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने और चालान करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सभी सफाई ठेकेदारों और अधिकारियों को सतर्क किया गया।

### फॉगिंग और छिड़काव अभियान को मिलेगी रफ्तार

संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए चल रहे फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव अभियान को और गति देने के निर्देश भी दिए गए हैं। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनहित सर्वोपरि है, इसलिए सभी विभाग पूर्ण तत्परता के साथ कार्य करें।

## स्वामी श्याम देवाचार्य का पुण्य स्मरण

# संस्कृति के रक्षक होते हैं संत महात्मा



**जबलपुर।** साकेतवासी नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ स्वामी श्यामदेवाचार्य महाराज का चतुर्थ पुण्य स्मरण समारोह नरसिंह मंदिर में स्वामी नरसिंह देवाचार्य के सानिध्य में आयोजित किया गया, इस अवसर पर वक्ताओं ने अपनी भवांजलि व्यक्त करते हुये कहा कि संत महात्माओं का जीवन सदैव समाज और संस्कृति के रक्षार्थ होता है। स्वामी श्याम देवाचार्य महाराज ने जीवन के अंतिम पलों तक सनातन धर्म और संस्कृति के लिए समार्पित कर दिया। महाराज जी ने राष्ट्र और संस्कृति को समृद्ध बनाने, समाज को एकजुट कर दिशा देने का कार्य किया। इस अवसर पर नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज श्रीमद् जगतगुरु राजारामाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, स्वामी मुकुंददास, साध्वी ज्ञानेश्वरी, साध्वी मैत्री, स्वामी वासुदेवानंद, गलानंद, स्वामी प्रकाशानंद, स्वामी हनुमान दास, स्वामी बालकदास, स्वामी राजेश दास, आचार्य अरूण शर्मा, आचार्य अनुपदेव ने पादुका पूजन कर अपनी भवांजलि व्यक्त की. इसके बाद श्री राम शोभायात्रा के पात्रों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लालमणि मिश्रा, श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, राजेन्द्र प्यासी, शिव खंपारिया, विष्णु पटेल, आदि उपस्थित रहे।

### अक्षय तृतीया पर सम्पूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा उपनयन संस्कार, परिचय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच की आवश्यक बैठक एवं प्रति गुरुवार की महाआरती 17 अप्रेल शाम 7.30 बजे परशुराम धाम ग्वारीघाट में आयोजित की गई। बैठक में अक्षय तृतीया भगवान परशुराम का अभिषेक, 30 अप्रैल को उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन पूर्णतया निःशुल्क किये जाने के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक में सभी मित्र कुल ब्राह्मणों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, निशांत शर्मा, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, आनंद मोहन शर्मा, प्रशांत तिवारी, सतीश मिश्रा, इंजीनियर रविंद्र तिवारी, सुधा मिश्रा, पुष्पा तिवारी, भगवती भारद्वाज, आभा तिवारी, मिथिलेश तिवारी, वनिता मालवीय, मधुबाला दुबे, मीरा दुबे आदि उपस्थित रहे।

## अनिल धनगर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** जबलपुर। पाल भवन भोपाल में विगत दिवस आयोजित धनगर समाज के प्रादेशिक अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष धनगर अजय पाल सिंह होलकर नई दिल्ली ने रामपुर जबलपुर निवासी अनिल धनगर को ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति से धनगर समाज में हर्ष की लहर है और शुभचिंतकों ने 15 अप्रैल को आजाद चौक रामपुर जबलपुर से निज निवास तक भव्य स्वागत रैली निकाली और लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया और हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद अंशुल यादव, पार्षद रजनी साहू, बैजनाथ पटेल, ठाणेश्वर महावर, देवेश चौधरी, अजय झारिया, गणेश धनगर, पार्षद गुड्डू तामसेतवार, खेमचंद धनगर, आदि उपस्थित थे।

## सिंधी युवा संस्था ने किया डॉ. अजय वाधवानी का सम्मान



**जबलपुर।** सिंधी युवा संस्था जबलपुर ने सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें डॉ. अजय वाधवानी अध्यक्ष मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर का सम्मान उनके द्वारा किए उत्कृष्ट कार्य जो देश हित में किए गए हैं उनके लिये किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों और समाजसेवियों का भी सम्मान हुआ और संगीतमय कार्यक्रम हुआ, इसमें अशोक रोहाणी (विधायक कैंट), सांसद आशीष दुबे, करतार सिंग भटीजा, हरि रोहाणी, डॉ. दीपक बहरानी, श्यामदास आसवानी, रमेश बालानी, भारत रोहाणी, डॉ. जय रोहाणी, मीनू भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में युवा जय रोहाणी और उनकी टीम की आयोजन में विशेष भूमिका रही।

# केंगरू किड्स शाला में 'पूल पार्टी' का बच्चों ने लिया आनंद

जबलपुर। फिर आ गया अप्रैल और उसके साथ-साथ आ गई गर्मी, फिर से खुल गए स्कूल, जहाँ बच्चे अभी स्कूली परीक्षाओं से निजात नहीं पाए थे, वहीं उस बढ़े हुए पारे ने गर्मी का आलम ही बदल दिया, पर कंगारू किड्स स्कूल ने अपने नन्हे-मुन्नों को राहत देने के लिए एक बेहतरीन पार्टी दे डाली और वह थी 'पूल पार्टी' जो कि 17 अप्रैल 2025 को स्कूल प्रांगण में मनाई गई, जिसका आनंद बच्चों ने भली-भांति उठाया और भरपूर आनंद की अनुभूति की। तरह-तरह के पूल और पानी के स्लाइड्स में बच्चे गर्मी को भूल ही गए। साथ ही ठंडे जूस और स्नेक्स का आनंद भी ले पाए। इस प्रकार एक पिकनिक जैसा आनंद भरा दिन गुजरा। संस्थापिका अर्पिता मालपाणी, सीईओ प्रदीप गंगाधरन और प्राचार्या सोनिया कोचर की पहल की सभी ने सराहना की।



## नशे की मंडी बना बेलबाग, लोगों ने किया थाने का घेराव

# जनता परेशान हुई, तो नगर स्तर पर होगा वृहद आंदोलन : लखन घनघोरिया

**जबलपुर।** "शहर में बढ़ती अराजकता, दुर्घटनाएं, बिगड़ती कानून व्यवस्था, लचर यातायात, निरंतर फल-फूल रहे नशे के अवैध कारोबार को रोकने की बजाय चाहिए, वहां पुलिस नदारत रहती है और अपनी जेब भरने वाले चौक-चौराहों पर हमेशा देखे जा सकते हैं। पुलिस के इस रवैया से जनता में गहन आक्रोश क्षोभ और रोष व्याप्त गोहलपुर और घमापुर थाने का घेराव कर उन्हें समय रहते अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने चेताया था, इसके बावजूद पुलिस का वही रवैया जारी है। आज हजारों की संख्या में मैं अंतिम बार चेता रहा हूँ कि अभी भी वक्त है कि अपना जो काम जनता की सेवा और सुरक्षा व्यवस्था करना है, उस पर ध्यान दिया जाए, वसूली बंद हो, नशे के व्यापर पर ईमानदारी से रोक लगाई जाए, चाकूबाजी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगे। उन्होंने हुंकार भरत हुए कहा कि अगर इस बार भी जनता



पुलिस चालान के नाम पर लूटपाट और गरीब आटो चालकों, दो पहिया वाहनों के चालान करके लोगों को बेवजह परेशान कर रही है। बेरोजगारी से वैसे ही नागरिक त्रस्त और परेशान है, किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करने जब वह घर लौटता है तो उसकी जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं होती, क्योंकि उसकी जेब पर पुलिस चालान के नाम पर डाका डाल देती है। पुलिस को जहां सक्रिय और सजग होना है। ऐसे हालात में जनता के हर कदम पर और उनके दुख-दर्द को बांटने प्रशासन के खिलाफ यदि वृहद आंदोलन करना पड़े तो उससे हिचकूंगा नहीं।" तदाशय का ऐलान जबलपुर के सक्रिय और वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने हजारों जनता के बीच बेलबाग थाने का घेराव करते हुए किया। उन्होंने कहा कि हमने अभी तक गांधीवादी तरीके से पुलिस प्रशासन को जागरूक रहने के लिए की आवाज पर गौर नहीं किया गया, तो पूरे नगर स्तर पर विस्तृत आंदोलन किया जाएगा। बेलबाग थाना के घेराव प्रदर्शन में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, डॉ. रमाकांत रावत, कल्लन गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम अमरीश मिश्रा, यश घनघोरिया, मतीन अंसारी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आजम अली खान, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## अंचल का जल स्तर बनाये रखने के साथ शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली हिरन नदी सूखी

**सिहोरा।** अंचल की जीवन रेखा कहीं जाने वाली हिरन नदी अप्रेल माह में ही सूखने लगी है। तेज गर्मी और लगातार जल के दोहन के कारण हिरन नदी में संकट के बादल नजर आने लगे हैं। ऐसे में हिरन नदी से लगे ग्रामों में भूजलस्तर लगातार नीचे खिसक गया है।

**अनेक ग्रामों के हेण्डपम्प बन्द हो गए** – हिरन नदी सुखने से ग्रामीण इलाकों में लोग पेयजल की समस्याओं के चलते खेत के बोर से पानी लाने के लिए मजबूर हो गए हैं। उनके सामने जलसंकट गहराने लगा है। मालूम रहे कि गांवों में हिरन नदी के पानी से ही जलस्रोतों में पीने के पानी का जलस्तर बना रहता है। गर्मी में अपेक्षाकृत वृद्धि से जलसंकट गहराने से मई-जून माह में हालात और भयावह हो जाएंगे।

**पिछले साल भी बने थे यही हालात** – पिछले वर्ष ऐसी ही स्थिति बनी थी गत वर्ष मई माह में बड़ी भीषण गर्मी के चलते हिरन नदी पूरी तरह सूख गई थी। जिससे आसपास के ग्रामों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मंच गया था। पिछले साल मई माह के प्रथम सप्ताह में बरगी दायीं तट नहर से पानी हिरन में छोड़ा गया था किंतु लगभग एक सप्ताह से अधिक समय से अप्रेल में ही हिरन नदी की धार टूट चुकी है।

**अनेक जगह नदी लग रही रेगिस्तान जैसे**– हिरन नदी में नहर का पानी नही आने से हिरन नदी के कई स्थानों में रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रहे हैं। इन ग्रामों में पानी की समस्या एक सप्ताह से अधिक समय से जटिलता की ओर बढ़ गई है। हिरन नदी के किनारे व आसपास के ग्रामों में खिन्नी,कैथरा,चन्नौटा,मल्हना,कूड़ा,कंजई,घाटसिमरिया,मोहतरा,ताला,देवरी,शहजपुरा पानी का जलस्तर क्रमशः कम होता जा रहा है कई ग्रामों में हेण्डपम्प बन्द होने लगे हैं। हिरन के सूखने का कारण अंचल की जीवन दायिनी हिरन नदी से रेत माफिया ने बेतहाशा रेत का उत्खनन किया। जिसके चलते हिरन का वेग लगातार कम होता गया। यही वजह की अप्रेल माह में ही हिरन नदी की धार टूट गई है जबकि यह स्थिति मई माह में होती थी।

**गर्मी बढ़ने से और बिगड़ेंगे हालात**– हिरन नदी अनेक स्थानों पर सूखना प्रारम्भ हो चुकी है। गर्मी की रफ्तार बढ़ने पर और अधिक जलसंकट के आसार बन सकते हैं। जलापूर्ति के लिए पानी रोकने अस्थाई स्टापडेम बनाना आवश्यक है या बरगी दायीं तट की मुख्य नहर से हिरन नदी में पानी छोड़ना आवश्यक है।

**वार्डो में भी पेयजल आपूर्ति लड़खड़ाई**– हिरन नदी में पानी कम होने का असर सिहोरा और खितौला में भी दिखने लगा है जिसका नतीजा यह है की नगर पालिका सिहोरा के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 16,17,एवं 18 मंझगवा रोड में लगातार वाटर सप्लाई नहीं हो रही है। इसी तरह नर्मदा जल योजना की सप्लाई भी बंद है हालत यह की अनेक माह से नल तो लगा दिया गये है पर पानी नहीं आ रहा। वार्ड वासियों से नगर पालिका प्रशासन से गंभीर हो रही पेयजल समस्या की ओर ध्यान देने की अपील की है।

## निधन

**श्रीमती विमला चौरसिया**– साउथ सिविल लाइन निवासी श्री माता प्रसाद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती विमला चौरसिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोह पहूजा**– नेपियर टाउन निवासी श्री अशोक पहूजा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शीला शर्मा**– छापर रामपुर विजयनगर निवासी श्री हेमराज सिंह शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शीला शर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूला बाई**– नेहरू वार्ड पूर्वी घमापुर निवासी श्री भैरो प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीलावती शर्मा**– चंदन कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री सुनील शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती शर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमा शंकर रैकवार**– साठिया कुआं हनुमानताल निवासी श्री उमा शंकर रैकवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सहदेव कुमार**– अनुराधा कॉलोनी वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री सहदेव कुमार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जिठ्ठू कोरी**– विस्थापित बस्ती फेस 2, तिलहरी निवासी श्री जिठ्ठू कोरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक**– झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री दीपक (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा मलिक**– गोरा बाजार केंट निवासी श्री सनी मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा मलिक (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सतीश पिल्ले**– पेंटीनाका सदर निवासी श्री सतीश पिल्ले (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंभू प्रसाद गोंटिया**– सिहोरा वार्ड क्रमांक 9 निवासी पूर्व पार्षद शंभू प्रसाद गोटियां का 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को दोपहर 11 बजे बाबाताल मुक्तिधाम में किया जायेगा।



हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## प्रत्येक गुरुवार को होगा हिरण नदी पर श्रमदान



**पाटन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवाहन पर चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर समन्वयक प्रदीप तिवारी विकास खंड समन्वयक मति नूपुर खरे के मार्गदर्शन में पाटन विकास खंड सकरा सेक्टर की नवांकुर संस्था अनीता बाई जनकल्याण द्वारा ग्राम थाना हिरण नदी घाट पर किया गया श्रमदान। अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था के सदस्यो ने प्रत्येक गुरुवार को हिरण नदी पर श्रमदान करने का संकल्प लिया है आज तृतीय श्रमदान दिवस रहा। जिसमे अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था से उमाकांत यादव ब्रजभान यादव झामसिंग यादव सेलू यादव परामर्श दाता रामराजा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
क्रमांक- प्र.का.से./का.से./2024-25/27
दिनांक- 16/04/2025
:- सार्वजनिक सूचना: -
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सगड़ा नं.बं. 421 प. ह. नं. 28/33 नया 07 खसरा नं. 148/1/1/1/2 कुल रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (शिव धाम-2) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कालोनाईजर श्री महेश पटेल पिता स्व.श्री दशरथ प्रसाद पटेल निवासी मं.नं. 498/1, बड़ा जैन मंदिर के पास गढ़ा वार्ड जबलपुर कालोनाईजर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है-भूखण्ड क्रमांक 24, 25, 26, 27, 28 कुल 5 नग क्षेत्रफल 466.25 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरास्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 05 में किया जा सकता है।
**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0046/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल ठाकुर/सूर्यभान सिंह ठाकुर नि.-2287 लालमाटी शुक्ला होटल के पास पिंटू लाईट ने नजूल ब्लाक नं.-139 प्लाट नं.-15/92 निर्मित रकवा/ रकवा 295 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./हे.विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक-02/11/2015 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-139 प्लाट नं. -15/92 निर्मित रकवा/ रकवा-295 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु. हे./ ग्राम - घामापुर प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-295 व.फु./ हे. जगदीश सिंह वल्द रघुवर दयाल सा. द्वारका नगर के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-11/04/2025
पेशी दिनांक-28/04/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# तीन सालों में जर्मनी व जापान को पछाड़ते हुए आगे निकल जाएगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था अगले तीन सालों में जर्मनी और जापान को भी पछाड़ देगी और 2047 तक यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है क्योंकि बाकी सभी चीजों से परे इसका सबसे बड़ा फायदा इसका लोकतंत्र है।

■ फिलहाल, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

सीईओ ने कहा, 'फिलहाल, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले साल के अंत तक हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उसके बाद के साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।'

## नीति आयोग के सीईओ सुब्रह्मण्यम ने एक कार्यक्रम में कहा

### वर्तमान में अर्थव्यवस्था का आकार 4.3 ट्रिलियन डॉलर

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, हम तीन साल में जर्मनी और जापान से भी बड़े हो जाएंगे। 2047 तक हम दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) बन सकते हैं।



### भारत की समस्याएं कम आय वाले देशों से अलग

सुब्रह्मण्यम ने कानून और अकाउंटिंग सहित सभी भारतीय कंपनियों से विश्व नेता बनने की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि मध्यम आय वाले देशों की समस्याएं कम आय वाले देशों की समस्याओं से बहुत अलग हैं। यह गरीबों को भोजन देने या उन्हें कपड़े उपलब्ध कराने के बारे में नहीं है, यह इस बारे में है कि आप ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था किस तरह से बन सकते हैं।

### घटती जनसंख्या दुनिया ने पहली बार देखा

सुब्रह्मण्यम ने बताया कि दुनिया ने कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी है जहां जनसंख्या घटेगी. उन्होंने कहा, ''जापान 15,000 भारतीय नर्सों और जर्मनी 20,000 स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाएं ले रहा है क्योंकि उनके पास पेशेवरों की कमी है और पारिवारिक व्यवस्थाएं भी ध्वस्त हो गई हैं.'' उन्होंने कहा, /''भारत दुनिया भर में कामकाजी आयु वर्ग के लोगों का एक स्थिर आपूर्तिकर्ता होगा और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी।

## खबर संक्षेप

### विजय शर्मा ने 2.1 करोड़ पेटीएम के शेयर लौटाए



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने लगभग 1,800 करोड़ रुपये के 2.1 करोड़ शेयर स्वेच्छा से छोड़ दिए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी।

### एचडीएफसी लाइफ का लाभ 16 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 477 करोड़ रुपये हो गया। जीवन बीमाकर्ता का 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 412 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी लाइफ की 2024-25 की चौथी तिमाही में शुद्ध प्रीमियम आय 23,765 करोड़ रुपये रही।

### एनएचपीसी बोर्ड बांड से 2000 करोड़ जुटाएगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसका निदेशक मंडल वर्ष 2025-26 में निजी नियोजन के आधार पर बॉन्ड जारी करके 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा और उसे मंजूरी देगा। ''कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 को होने वाली है।

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार संयंत्रों में उत्पादन रोका



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने अल्पकालिक आपूर्ति संरेखण के लिए 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक अपने चार संयंत्रों में उत्पादन रोकने की जानकारी दी। कंपनी इस अवधि में सुविधाओं में रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम देगी। हमारे चार विनिर्माण संयंत्रों धारूहेड़ा, गुरुग्राम, हरिद्वार और नीमराणा में उत्पादन 17 से 19 अप्रैल 2025 तक अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा।

### मार्च तिमाही में हुए 669 सौदे तीन साल का बड़ा आंकड़ा



नई दिल्ली। कैलेंडर साल 2025 के पहले तीन महीनों में 29 अरब डॉलर के 669 सौदे हुए, जो 2022 की समान तिमाही के बाद संख्या के लिहाज सर्वाधिक तिमाही आंकड़ा है। ग्रांट थॉर्नटन-भारत डीलट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा मात्रा के लिहाज से 2022 की जुलाई-सितंबर तिमाही के बाद का उच्चतम है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को राशि जुटाने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने वारबर्ग पिंकस एलएलसी और अबू धाबी निवेश प्राधिकरण की इकाइयों को तरजीही आधार पर शेयर आवंटन के जरिये 7,500 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में वैश्विक निवेशक वारबर्ग पिंकस एलएलसी से जुड़ी इकाई करंट सी इन्वेस्टमेंट्स बी.वी. को लगभग 4,876 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर तरजीही आधार पर जारी करने को मंजूरी दी।

## महत्वपूर्ण सुधार लाने मंत्रालय का निरंतर प्रयास

# अब हर महीने की 28 तारीख को जारी होगा आईआईपी आंकड़ा, समयसीमा घटकर 28 दिन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अब हर महीने की 28 तारीख को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का आंकड़ा जारी करेगा। इसके साथ, इस आंकड़े को जारी करने की समयसीमा 42 दिन से घटाकर 28 दिन कर दी गयी है। फिलहाल मंत्रालय हर महीने की 12 तारीख को छह सप्ताह के भीतर आईआईपी आंकड़े जारी करता है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय अपने सांख्यिकीय उत्पादों के प्रसार में वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों और समयसीमा के साथ महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

### सर्वेक्षण रिपोर्ट अब 90 दिन के भीतर जारी होगी

बयान के अनुसार, मंत्रालय संदर्भ माह की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी करता है, जो वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक है। इसी तरह, एनएसएस की सर्वेक्षण रिपोर्ट अब फील्डवर्क पूरा होने के 90 दिन के भीतर जारी की जाती है।

### औद्योगिक वृद्धि जानने का बेहतर तरीका

आईआईपी देश में औद्योगिक वृद्धि के बारे में जानकारी देने वाला महत्वपूर्ण आंकड़ा है। मंत्रालय अब 42 दिनों के बजाय 28 दिनों के भीतर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय वर्तमान में संदर्भ माह से 42 दिनों के भीतर प्रत्येक माह की 12 तारीख (यदि 12 तारीख अवकाश हो तो पिछला कार्य दिवस) को मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करता है।




### जून 2024 में समिति गठित की गई

हाल के दिनों में, आंकड़ा संग्रह और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में प्रगति को देखते हुए, विभिन्न पक्ष आईआईपी जारी करने की समयसीमा को कम करने की मांग कर रहे थे। इस आवश्यकता को समझते हुए, मंत्रालय ने जून, 2024 में एक समिति का गठन किया। समिति को गुणवत्ता से समझौता किए बिना आईआईपी जारी करने की समयसीमा, इसके संशोधन कार्यक्रम को कम करने की व्यावहारिकता की जांच करने की जिम्मेदारी दी गयी।

### क्रमिक रूप से किया गया संशोधन

भारत में आईआईपी का संकलन और उसे जारी करना का काम आधार वर्ष 1937 से शुरू हुआ। इसे क्रमिक रूप से संशोधित कर 1946, 1951, 1956, 1960, 1970, 1980-81, 1993-94, 2004-05 और 2011-12 कर दिया गया। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआरआईआईपी)-2010 के लिए संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों में यह प्रावधान है कि मासिक आईआईपी को संदर्भ माह की समाप्ति के 45 दिन के भीतर जारी किया जाना चाहिए।

*आईआईपी के बाद अंतिम अनुमान होगा जारी : बयान में कहा गया, ''अप्रैल, 2025 से अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) संदर्भ माह से 28 दिन के भीतर हर महीने की 28 तारीख को शाम चार बजे जारी किया जाएगा। किसी विशेष महीने के लिए आईआईपी त्वरित अनुमान के रूप में जारी किया जाएगा, उसके बाद अंतिम अनुमान जारी किया जाएगा।''*

### समय सीमा 42 दिन से घटाया गया

एजेंसियों के साथ उचित परामर्श के बाद और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, आईआईपी जारी करने की समयसीमा को संदर्भ माह से 42 दिन से घटाकर 28 दिन करने और आईआईपी के दूसरे संशोधन की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार, अब से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय प्रत्येक माह की 28 तारीख को शाम चार बजे बजे (यदि 28 तारीख को अवकाश है तो अगले कार्य दिवस पर) मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करेगा।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ निफ्टी 414 अंक के लाभ में हुआ बंद
■ निवेशकों को हुआ 4.50 लाख करोड़ का लाभ
■ विदेशी निवेशक उत्साहित नजर आए

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 414 अंक की बढ़त रही। अमेरिका और जापान के बीच व्यापार वार्ता के सफल होने की उम्मीद के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में निवेश के बाद निवेशक उत्साहित नजर आयें। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,508.91 अंक यानी 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,000 अंक के स्तर को फिर से प्राप्त करते हुए 78,553.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,572.48 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,427 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 1,522 में गिरावट दर्ज की गयी। 157 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,851.65 अंक पर बंद हुआ।

### एयरटेल रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल लि. (पूर्व में जोमैटो) आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा और मारुति के शेयर नुकसान में रहे।

# शेयर बाजार में वाणिज्यिक हित नजहित पर हावी नही होंगे : सेबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ चेयरमैन ने सीआईआई कॉरपोरेट गवर्नेंस' के शिखर सम्मेलन में कहा


भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक सबसे बड़े शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) योजनाओं पर निर्णय लेते समय वाणिज्यिक हित को आम जनता के हित पर हावी नहीं होने देगा।

पांडेय ने 'सीआईआई कॉरपोरेट गवर्नेंस' शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, "हम वाणिज्यिक हितों को आम जनता के हितों पर हावी नहीं होने देंगे और यह सुनिश्चित करना नियामक का काम है। पांडेय ने स्पष्ट किया कि भारत ने एक ऐसा मॉडल अपनाया है, जिसमें वाणिज्यिक या लाभ कमाने वाली इकाइयां शेयर बाजार बन गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुनिश्चित करना नियामक का काम है कि आम जनता के हितों से समझौता न हो। उन्होंने कहा कि शेयर बाजारों के बीच किसी भी तरह के टकराव को सुलझाना भी नियामक का काम है। जब उनसे पूछा गया कि नियामक कब तक मुद्दों को सुलझाना चाहता है, तो उन्होंने कहा कि यह जल्द से जल्द किया जाएगा। यह ध्यान देने वाली बात है कि एनएसई की आईपीओ योजना पिछले आठ साल से अटकी हुई है।

### योजनाओं को आगे बढ़ाने अनापत्ति मांगी

इक्विटी एक्सचेंज ने इस साल योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए नियामक से अनापत्ति मांगी थी। सेबी ने एनएसई के आईपीओ पर विचार करने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की है और बाजार नियामक ने एनएसई से सभी मुद्दों को सुलझाने को कहा है।

# भारत हवाई यात्री वृद्धि दर में चीन को पीछे छोड़ेगा



**नई दिल्ली।** हवाई अड्डों के समूह एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल काउंसिल (एसीआई) ने कहा कि भारत 2026 में हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक, भारत की हवाई यात्री वृद्धि दर इस वर्ष 10.1 प्रतिशत है, जो चीन के लिए 12 प्रतिशत से कम है। पड़ोसी राष्ट्र में भारत की तुलना में बहुत बड़ा विमानन बाजार है।एसीआई एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया के महानिदेशक स्टेफैनो बैरोंकी ने कहा कि भारत एक ऐसा बाजार है जो विकसित हो रहा है और अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की प्रक्रिया में है। एसीआई एशिया प्रशांत और पश्चिम एशिया, इस क्षेत्र में 600 से अधिक हवाई अड्डों का प्रतिनिधित्व करता है।

# रुपया 27 पैसे चढ़कर 85.37 प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश बढ़ाया

घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश बढ़ने और डॉलर में व्यापक कमजोरी के कारण बृहस्पतिवार को रुपया लगातार चौथे सत्र में मजबूत हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की बढ़त के साथ 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो तीन अप्रैल के बंद स्तर के आसपास है। रुपये ने दो अप्रैल के बाद से अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क की घोषणा की थी। दो अप्रैल को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद घरेलू शेयरों में सकारात्मक रुझान ने समग्र निवेशक कारोबारी धारणा को मजबूत किया, भले ही कच्चे तेल की कीमतों में कुछ सुधार ने भारतीय मुद्रा को कमजोर कर दिया।

*रुपया 85.48 पर खुला : अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.48 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.31 के उच्चतम स्तर और 85.62 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 27 पैसे की बढ़त है।*


## टाटा मोटर्स ने रिकॉर्ड पेटेंट आवेदन किए दाखिल...




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 250 पेटेंट और 148 डिजाइन आवेदन दाखिल किए हैं। मुंबई स्थित मोटर वाहन प्रमुख की ओर से जारी बयान के अनुसार, इनमें उत्पाद व प्रक्रिया नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो संपर्क, विद्युतीकरण, स्थिरता व सुरक्षा (सीईएसएस) जैसे प्रमुख 'ऑटोमोटिव मेगाट्रेंड' के साथ-साथ हाइड्रोजन आधारित वाहनों और ईंधन सेल जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ संरेखित है। कंपनी ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 81 'कॉपीराइट' आवेदन भी दायर किए तथा 68 पेटेंट अनुदान प्राप्त किए, जिससे उसके कुल स्वीकृत पेटेंट की संख्या 918 हो गई। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी राजेंद्र पेटकर ने कहा, 'अग्रणी प्रौद्योगिकियों के बढ़ते खंड के साथ हम अत्याधुनिक समाधानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

# इंफोसिस की मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़ गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ लाभ 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपए पर
■ भारत की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी

भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 7,969 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष के लिए अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2024-25 के आमदनी के लक्ष्य को 3.75-4.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.5-5 प्रतिशत कर दिया था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में स्थिर मुद्रा के आधार पर शून्य से तीन प्रतिशत की राजस्व वृद्धि का अनुमान लगाया है। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि पूर्वघोषित योजना के अनुसार कंपनी चालू वित्त वर्ष में 20,000 फ्रेशर (पहली बार नौकरी करने वाले) कर्मचारियों को नियुक्त करने की तैयारी कर रही है।

### कंपनी का नकदी प्रवाह 4.1 अरब डॉलर

पारेख ने कहा, "हमने अपने ग्राहकों के विश्वास और कर्मचारियों के समर्पण की बदौलत ग्राहक-केंद्रित नीति और बाजार के प्रति जवाबदेही पर तीव्र ध्यान देते हुए एक मजबूत संगठन बनाया है। सूचना के अनुसार, 2024-25 के लिए कंपनी का नकदी प्रवाह 4.1 अरब डॉलर था।

## कैब सर्विस कंपनियों को टक्कर देने वाली कंपनी ब्लू स्मार्ट की मुसीबतें बढ़ी

# निवेशकों के पैसों से कराया मसाज; बनाया मोटा माल...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला-उबर जैसी कैब सर्विस कंपनियों को टक्कर देने वाली कंपनी ब्लू स्मार्ट की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। कंपनी के प्रमोटर्स पर बड़े पैमाने पर पैसों के हेराफेरी के आरोप लग रहे हैं। सेबी ने कंपनी के प्रमोटर्स अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को मार्केट से बैन कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने ब्लू स्मार्ट के लिए अपनी दूसरी कंपनी जेनसोल के जरिए फंडिंग जुटाई और उस फंड को अपने घर खरीदने. ट्रैवल करने और खुद के मसाज करने पर लुटा दिया। सेबी ने पैसों की हेराफेरी के आरोप में कैब सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी ब्लू स्मार्ट के प्रमोटर्स जग्गी ब्रदर्स को शेयर मार्केट में किसी भी तरीके से निवेश करने से बैन कर दिया, जिसके बाद से ही कंपनी पर लगे आरोपों की चर्चा होने लगी। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी के प्रमोटर्स ने निवेशकों के पैसों का गलत इस्तेमाल किया है। जिस काम के लिए पैसे मांगे गए थे। उसके लिए पैसे न यूज करके पर्सनल यूज में रुपये खर्च किए गए।

■ कंपनी के प्रमोटर्स पर बड़े पैमाने पर पैसों के हेराफेरी के आरोप लग रहे

### घर खरीदा और कराई मसाज

सेबी के आरोपों के मुताबिक, जग्गी ब्रदर्स ने अपनी प्रमोटर कंपनियों को पैसे दिए. उसके बाद उन्होंने निवेशकों के पैसे से अपने निजी शौक भी पूरे किए करीबन 25 करोड़ 76 लाख अनमोल सिंह जग्गी ने अपने निजी और पारिवारिक कामों के लिए इस्तेमाल किए. करीब 3 करोड़ पत्नी के खाते में और 20 लाख मां के खाते में भेजे। जबकि, 26 लाख का गोल्फ सेट खरीदा। 128000 रुपये की टाइटन की घड़ी खरीदी और 1036000 रुपये स्पा यानी मसाज कराने पर खर्च किए।



### पैसों को घर खरीने में लगाया

सेबी ने आरोप लगाया है कि कंपनी के प्रमोटर्स ने उन पैसों से कुछ पैसे गो-ऑटो और कैपब्रिज वेंचर जैसी कंपनियों को दिए. लोन में से 42 करोड़ 94 लाख रुपये डीएलएफ के कमेलियास अपार्टमेंट खरीदने के लिए ट्रांसफर किए गए. वहीं, जो पैसे गो ऑटो को दिए थे। उसे आगे गो ऑटो ने वेलरेरी सोलर इंडस्ट्रीज को ट्रांसफर किए। इसके अलावा कंपनियों में पैसे को घुमाने के बाद प्रमोटर्स ने बचे पैसों को अपने ऊपर खर्च किया।

### 978 करोड़ का लिया ऋण

दरअसल, ब्लू स्मार्ट की कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग ने सरकारी कंपनी इरेडा और पीएफसी से करीब 978 करोड़ रुपए का लोन लिया। कहा गया कि कंपनी इससे ब्लू स्मार्ट को 6400 ईवी सप्लाई करेगी। लेकिन, जेनसोल ने सिर्फ और सिर्फ 4704 ईवी ही खरीदी और करीब 262 करोड़ का फंड अपनी जेब में रख लिया।

# एचडीएफसी एएमसी के लाभ में 18 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 638.5 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 541 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आमदनी 20.5 प्रतिशत बढ़कर 1,025.5 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 851.22 करोड़ रुपये रही थी।

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ ने लगा दी सोने के दामों में आग

सोना केवल भारतीयों ही नहीं पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए प्रिय है। सोने को धन, शक्ति और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। गोल्ड को सदियों से अत्यंत प्रतिष्ठित, यहां तक कि पूजनीय सामग्री के रूप में ऊंचा स्थान प्राप्त रहा है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आभूषण और विनिमय के साधन के रूप में किया जाता रहा है, लेकिन अब ये आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर हो रहा है। सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,748 रुपये बढ़कर 95,207 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपये महंगा हुआ था। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। दुनियाभर में लोग जमकर सोने की खरीद कर रहे हैं। यही कारण है कि गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 205 प्रतिशत बढ़ गया। यह पिछले वित्त वर्ष के किसी महीने में सालाना आधार पर दूसरा बड़ा उछाल रहा। पूरे वित्त वर्ष 2025 में सोने का आयात सालभर पहले के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि इस दौरान आयात होने वाले गोल्ड की मात्रा सालभर पहले से कम रही, लेकिन कीमतें 34 प्रतिशत के उछलने के चलते आयात का आंकड़ा बढ़ गया। सोने की कीमत में काफी तेजी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपये में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जारी किया है कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपये तक जा सकते हैं। सच तो यह भी है कि बीते कई सालों से सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों में शुमार रहा है। एक जनवरी 2025 के बाद से डॉलर में इसकी कीमत 11 फीसदी और रुपये में 13 फीसदी चढ़ी हैं। जनवरी 2024 से अब तक सोना डॉलर में 42 फीसदी मजबूत हुआ है। सोने को हमेशा से ही महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता से बचने का जरिया माना जाता है। इस कारण इसका प्रतिफल बेहतरीन रहा है। गत वर्ष दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा था। यह लगातार तीसरा साल था जब केंद्रीय बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। खुदरा निवेशक और धातु कारोबारी भी जोश में रहे हैं। भारतीय परिवारों के पास दुनिया के कुल सोने का करीब 12 फीसदी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर है और ट्रेड वॉर के चलते आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें होने की आशंका है। जिसके चलते सोने में अभी और उछाल की संभावना जताई जा रही है। जब तक ट्रेड वॉर ठंडी नहीं होती तब तक सोना पहुंच से बाहर ही रहने की आशंका है।



## विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

> प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं।

# परियोजनाओं में देरी से विकास बाधित

अमेरिकी लेखक जय.एम. फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उसे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती हैं और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती हैं। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती, लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है।

बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 में इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन तकरीबन पचास साल तक लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने




के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई, लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई की। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा, लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है।

पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है। परियोजनाओं में देरी को विकास के दुश्मन के तौर पर प्रधानमंत्री का स्थापित करना एक तरह से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। विश्व गुरू बनने की आकांक्षा हो या आर्थिक या दूसरी तरह वैश्विक महाशक्ति बनना, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इसी सोच को हर स्तर पर ना सिर्फ आगे बढ़ाना होगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर भी विकसित किया जाना होगा। अब भी तंत्र में ऐसे ढेर सारे तत्व हैं, जो योजनाओं को लटकाने और टालने में भरपूर रूचि लेते हैं। एक तरह से ऐसी सोच वाला डीएनए तंत्र में फैला हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर भारत की सफलता दर अगर बढ़ी है तो उसके पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री की दृष्टि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन
ज्ञानेन्द्र रावत




# ग्लेशियरों के पिघलने से सिकुड़ रही जीवन की धारा

दुनिया में ग्लेशियरों का पिघलना समूचे प्राणी जगत के लिए संकट का सबब बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 में दुनिया में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि ग्लेशियरों के पिघलने की मौजूदा दर इसी तरह जारी रही तो इस संकट के परिणाम अभूतपूर्व और विनाशकारी होंगे। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो दुनिया की कुल 8.2 अरब आबादी में से दो अरब से भी ज्यादा लोग पानी और भोजन की गंभीर समस्या का सामना करने को विवश होंगे। गौरतलब है कि ग्लेशियरों की धरती पर जल चक्र बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लेशियरों का पानी ही नदियों के जरिये हमारे जीवन की धारा को आगे बढ़ाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने को कहें या सिकुड़ने से नदियों पर संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियरों के सिकुड़ने और पर्वतीय क्षेत्रों में दिनोंदिन घटती बर्फबारी के कारण दुनिया की दो तिहाई खेती योग्य जमीन के प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। समूची दुनिया में तकरीब 2.75 लाख से भी ज्यादा ग्लेशियर सात लाख से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो दुनिया के सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीसरे वर्ष यानी 2022, 2023 और 2024 में अभूतपूर्व नुकसान देखा गया है। इस बारे में यदि विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो इसमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। यही नहीं अमेरिका की कोलोराडो नदी तो 2020 में ही सूख चुकी है। यूनेस्को के डायरेक्टर जनरल आंद्रे एंजुले का कहना है कि ग्लेशियर और पर्वतीय जल स्रोतों पर हम पूरी तरह निर्भर हैं। क्योंकि दुनिया में पेयजल का 70 फीसदी हिस्सा इन्हीं ग्लेशियरों में संरक्षित है। जलवायु परिवर्तन के चलते इनके तेजी से पिघलने से पेयजल के इन सबसे बड़े स्रोतों के अस्तित्व पर संकट है। इसलिए इन्हें बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि ग्लेशियर हैं तो जल है, जल है तो जीवन है और जीवन है तो हम हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेंटर के शोध से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वर्ष 2010 के पहले आर्कटिक और अंटार्कटिका में जो बर्फ की चादर बिछी होती थी, उसमें अब लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी हो गयी है। वहां अब मात्र 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ बची है। यह 2017 के 144 लाख वर्ग किलोमीटर के पिछले निम्नतम स्तर से भी नीचे चली गयी है। 2000 और 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों ने हर साल लगभग 270 अरब टन बर्फ को खो दिया है। एक वर्ष में 270 अरब टन बर्फ का नुकसान पूरी वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्ष में खपत किये जाने वाले पानी के बराबर है। इस बारे में मैरीलैंड के ग्रीनबेल में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट का कहना है कि अगली गर्मियों के मौसम में हमारे पास बहुत कम बर्फ बचेगी। इसमें मानवीय गतिविधियों, मुख्यतः जीवाश्म ईंधन के जलने से हुयी तापमान में बढ़ोतरी अहम है। दर असल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जाता है, उसी गति से ग्लेशियर बनने की तुलना में तेजी से पिघलने लगते हैं और अपनी जगह छोड़ने लगते हैं।जहां तक हिमालयी ग्लेशियरों का सवाल है, सरकार की ओर से 2023 में संसद में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के ग्लेशियर अलग- अलग दर से तेजी से पिघल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय प्राकृतिक आपदायें ला सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार ने स्वीकार किया कि ग्लेशियर के पिघलने से नदियों के बहाव में अंतर आयेगा और जिसके परिणाम स्वरूप आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। ग्लेशियरों को बचाना महज बर्फ को बचाना नहीं है बल्कि अपने भविष्य को बचाना है।

यह याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जायेंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे,खेत सूख जायेंगे, जमीन बंजर हो जायेगी और हमारे बच्चों की आंख में पानी नहीं आंसू होंगे और वे भी एक दिन सूख जायेंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे




संकलित
**दर्शन**

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। तभी मानव शांति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की प्रवृत्ति ही जोड़ने की होती है। यह अपनी बंदमुट्ठी कभी खोलना नहीं जानता है। जो यह समझ गया कि बंदमुट्ठी खोलने के लिए है, उसका जीवन सार्थक होगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*


## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सुरंग



ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत सुरंग संख्या टी-8 और टी-8एम में सफलता प्राप्त हुई है। ये तस्वीर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने एक्स पर शेयर की।

## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का दायित्व

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं जिससे भारत की फिर किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो संभवत: शेर, बाघ, चीता जैसे पशुओं का विचार आएगा। लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### एकीकरण कार्यक्रम



बंदूकों से लेकर मूंगफली और उग्रवाद से लेकर उद्यमिता तक, कार्बी आंगलोंग ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है। हमारे विभिन्न पुनः एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कई लोग मत्स्य पालन और कृषि उद्यमी के साथ-साथ नौकरी सृजक भी बन गए हैं।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए उनका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वह स्वभिमानी और गौरवान्वित करने वाले ओड़िया थे।

**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### लोको पायलटों से अन्याय



रेलवे के लोको पायलटों की 14-14 घंटे की शिफ्ट, लगातार रात की ड्यूटी, न पर्याप्त आराम, न खाने का ब्रेक और न शौचालय की सुविधा। ये न सिर्फ उनके साथ अन्याय है, बल्कि उन करोड़ों यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है जो ट्रेनों से सफर करते हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### वजन घटाने वाली दवा



भारत के वजन घटाने वाली दवा बाजार ने विस्फोटक वृद्धि प्रदर्शित की है, जो नवंबर 2020 में 37 करोड़ से बढ़कर नवंबर 2024 तक 535 करोड़ हो गई है।

**-स्वामीनाथन पद्मनाभनश, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका में गांधी की प्रतिमा का अनावरण



दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत में 'एंग्लो-बोअर' युद्ध संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक विशाल आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। फ्री स्टेट में लागू रंगभेद कानून की वजह से एक सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों का इस प्रांत में प्रवेश प्रतिबंधित था। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता राम वंगी सुतार द्वारा बनाई गई इस कांस्य प्रतिमा को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने संग्रहालय को दान किया है। प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने 1899-1902 के एंग्लो-बोअर युद्ध में भारतीयों की भागीदारी की अब तक की अनकही कहानी पर एक वृत्तचित्र और एक पुस्तक के साथ किया। वर्ष 1994 में नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक राष्ट्रपति चुने जाने तक, 'ऑरेंज फ्री स्टेट' के नाम से जाने जाने वाले इस प्रांत में कानून के तहत भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। यहां तक कि तटीय शहर डरबन तक पहुंचने के लिए प्रांत से गुजरने वालों को भी पहले से परमिट लेना पड़ता था। भारतीय लोग यहां गन्ने के खेतों में काम करने वाले मजदूरों के रूप में यहां पहुंचे थे। ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय के निदेशक टोकी प्रीटोरियस ने कहा, "ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय का मुख्य विषय दक्षिण अफ्रीकी एंग्लो-बोअर युद्ध है।

## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

# निजी हित साधने कांग्रेस ने किए संविधान में मनमाने संशोधन

## कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण और काम निकालने का रहा है: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की गद्दी को बचाने और व्यक्तिगत हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन किया है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कही।

भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में संविधान को नमन कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की चमड़ी बहुत मोटी हो गई है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान करने का काम अगर किसी ने किया है तो वह देश पर सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने संविधान में एक-दो बार नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों के हिसाब से अनेकों संशोधन करने का काम किया। अब जब नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दाखिल हुई, तो ईडी के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। क्या कांग्रेस कानून से बड़ी हो गई है? कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण कर अपना काम निकालने का रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान हमको सौंपा उसके हिसाब से कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं और कोई ऊंचा-नीचा नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' के मूल मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।



### कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देना है : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन तंत्र बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करता है, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हमें दिए गए इस अभियान को बूथ स्तर पर साकार करना है। पार्टी कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक प्रदेश के 65 हजार 14 बूथों पर पहुंचकर तथ्यात्मक मुद्दों पर बात करेंगे। यह अभियान बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल से प्रदेश भर में प्रारंभ हुआ है। हमें जनता तक पहुंचकर कांग्रेस द्वारा समाज में किए गए दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देना है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया और संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही।

### कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा तिरस्कृत किया: डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश की आजादी के बाद भारत का संविधान बनाया, जिसके आधार पर आज देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर समाज सुधार का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्य युगों तक प्रासंगिक रहेंगे। बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर संविधान की आत्मा को ठेस पहुंचाई है।

### कांग्रेस ने धारा 356 का दुरुपयोग कर 88 बार सरकारों को गिराया

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस और विपक्षी दल देश में एक नैरेटिव सेट करने में सफल रहे कि अगर भाजपा लोकसभा में 400 सीटें जीत जाएगी तो संविधान बदल देगी। कांग्रेस और विपक्षी दलों के इस दुष्प्रचार को तथ्यों के साथ जवाब देने की जरूरत अभी भी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान का किस प्रकार से दुरूपयोग किया है, उसका बड़ा उदाहरण धारा 356 का अनुचित प्रयोग है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र में सत्ता मे रहते 88 बार धारा 356 का दुरूपयोग कर राज्यों की चुनी गई सरकारों को गिराया है। जबकि 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 356 का प्रयोग कर किसी भी सरकार को गिराने का कार्य नहीं किया।

### बाबा साहब ने सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य किया: गौतम

राष्ट्रीय महासचिव ने रखी अपनी बात

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत बनाने की मानसिकता के साथ कार्य कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हराकर समाज सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में बार-बार रोकने का प्रयास किया। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सिर्फ दलितों का नेता बताकर उनके कार्यों को समाज में आने से छिपाने का कार्य किया। संविधान दिवस मनाने का कार्य भाजपा ने किया, कांग्रेस ने संविधान को लागू करने के वर्षों बाद तक यह कार्य नहीं किया। संविधान दिवस मनाने के लिए 26 नवंबर 2015 को संसद में हुई डिबेट में प्रमुखता से चर्चा की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को बार-बार अपमानित करने के साथ उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया कि वे सिर्फ दलितों के नेता है। बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया।

सीएम डॉ. यादव बोले...

# किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने सरकार पूरी ऊर्जा से जुटी

मप्र कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मंत्रिपरिषद ने दी है मिशन को सैद्धांतिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना

मप्र में वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर जल्द से जल्द 20 प्रतिशत तक करने के लिए राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। इससे हम घर-घर गोकुल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए भी अनुदान राशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत ‹\@›2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मंत्रि-परिषद की पिछले दिवस मंगलवार को बैठक में मप्र कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विशेषकर गरीबों औरकिसानों को आर्थिक रूप से सुखी और समृद्ध बनाने के लिए प्राण-प्रण से कार्य कर रही है।

# ईडी दफ्तर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## ज्ञापन के साथ प्रतीकात्मक तोता पुलिस को सौंपा

राहुल, सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने पर बवाल

पटवारी का आरोप-ईडी भाजपा के लिए तोता बनकर काम कर रही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल हेराल्ड और एसोसिएट ट्रेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मंगलवार को चार्जशीट दाखिल करने के बाद से सियासत फिर गर्मा गई। चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नाम शामिल किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने भोपाल में ईडी दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया भाजपा ने जिस तरह से सोनिया गांधी पर कुठाराघात किया, उसके खिलाफ पूरी कांग्रेस साथ है। कानून पर हमें भरोसा है, लेकिन जिस तरह से सोनिया गांधी के साथ कृत्य किया जा रहा है, उससे साफ है कि भाजपा अब तानाशाही पर उतर आई है। पटवारी ने कहा भाजपा के खिलाफ आज पहला कार्यक्रम है और आने वाले समय में प्रदेश भर में पदयात्रा निकाली जाएंगी। विपक्ष के 36 नेताओं के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग किया गया, इनमें से किसी पर दोष साबित नहीं हुआ, लेकिन 70 फीसदी नेता भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं।




### कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा

पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने मेन गेट बंद कर दिया था, बावजूद इसके कार्यकतार्ओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की काफी कोशिश की परंत पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को ईडी ऑफिस तक नहीं जाने दिया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही लेटकर नारेबाजी करने लगे। पीसीसी चीफ ने सोनिया और राहुल गांधी को लेकर ईडी के एक्शन को अलोकतांत्रिक बताया।

### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्जशीट पेश करने का विरोध

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्ज शीट पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीसीसी चीफ पटवारी प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस को ज्ञापन के साथ ही उन्होंने पिंजरे में रखा तोता भी भेंट किया।

### दिग्विजय बोले- एजेंसियों का दुरुपयोग

इधर, इस मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा- भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई का एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं।

### विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला है। सिंघार ने कहा कि भाजपा देश में विपक्ष की आवाज को खत्म करना चाहती है।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# आउटसोर्स कर्मचारियों की चेतावनी, 21 तक मांगें नहीं मानी तो हड़ताल कर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को रखा और चेतावनी दी कि यदि 21 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं हुई तो 22 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव हड़ताल की जाएगी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश में 30 हजार से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी सपोर्ट स्टाफ, वार्ड बाय, आया, सुरक्षाकर्मी, डाटा एंट्री आपरेटर आदि के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से कई कर्मचारी पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर कार्य कर चुके हैं। कई जिलों में कर्मचारियों को 5-6 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। इसके साथ ही वेतन में निर्धारित श्रमिक दरों की अनदेखी की जा रही है और कर्मचारियों के शोषण की शिकायतें सामने आई हैं। संघ ने मांग की है कि इस घोटाले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में नियमितीकरण, वेतनवृद्धि, महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश, चिकित्सा अवकाश, समान कार्य समान वेतन सहित अनेक मांगें शामिल हैं। संघ ने चेताया कि यदि तय समय-सीमा में समाधान नहीं हुआ, तो हड़ताल कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।



## अवकाश के बावजूद सभी उपार्जन केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदी

**भोपाल।** मप्र के अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**कलेक्टरों को दिए गए निर्देश:** खाद्य मंत्री राजपूत ने समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें।

## रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन आज

**भोपाल।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने,रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लाखन सिंह चौधरी ने बताया कि गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा, इस संदर्भ में आम जनता में जागरूकता फैलाने एवं किसी भी प्रकार की घबराहट से बचाव के लिये पूर्व सूचना देना अत्यंत आवश्यक है. यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

आयुष लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा की बैठक

# सिकल सेल करीब 21 प्रकार के रोगों का बन सकता है कारण

- जेनेटिक काउंसलिंग में समुदाय का सहयोग लिया जाए
- समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में मध्यस्थों की भूमिका की संभावनाओं पर कार्य करते हुए समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया आनुवंशिक रोग है। रोग को खत्म करने के लिए वैवाहिक और गर्भधारण संबंधी सावधानियां के बारे में सामुदायिक जन जागृति की दिशा में प्रभावी पहल जरूरी है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में समुदाय के नेतृत्व और पंचायत पदाधिकारियों का सहयोग भी लिया जाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि रोगी को स्वस्थ बनाने के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रमाणित औषधियों और चिकित्सा पद्धतियों को स्वीकार किया जाना चाहिए। मप्र के वनों में प्रचुर मात्रा में वन औषधियों की उपलब्धता है। इन औषधियों के सिकल सेल रोगी को स्वस्थ बनाने के अनुभवों और उपयोग के परीक्षणों के प्रमाणीकरण का कार्य व्यापक स्तर पर तेज गति से किया जाए। लक्ष्य समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना होना चाहिए।

### हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो

राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एक जटिल रोग है, जो लगभग 21 प्रकार के रोगों का कारण बन सकता है। स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि रोग नियंत्रण प्रयासों को व्यक्ति केंद्रित किया जाए। हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो। समस्त रोगियों और वाहकों को उपचार,औषधि और जेनेटिक काउंसलिंग की सेवाएं उपलब्ध हो। उन्होंने छात्रावासों के भोजन में लौह तत्व की उपलब्धता वाले खाद्य पदार्थों को जोड़ने की जरूरत बताई है। गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच, जेनेटिक परामर्श और नवजात शिशुओं के वैक्सीनेशन के प्लेटफार्म के रूप में आंगनवाड़ियों को शामिल करने के लिए कहा है। बैठक में जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता, प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

वर्ष 2022 में हुई थी साइबर ठगी की घटना

# रायपुर में पुलिसकर्मी से ठगी आरोपी यूपी से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में पुलिसकर्मी के साथ साइबर ठगी की वारदात हुई है। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ठगी की वारदात साल 2022 में हुई थी। वारदात के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। मामला रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रविकांत कटारे ने बताया कि 16 जुलाई 2023 को शाम को विशेष सूचना शाखा पुलिस मुख्यालय में ड्यूटी में था। इस दौरान उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। उसने खुद को डीबीएस बैंक का कर्मचारी बताया। फिर क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने का बहाना दिया। इस दौरान ठग ने ओटीपी ले लिया।

### लोकेशन मिलते ही गिरफ्तार

*कुछ देर बाद रविकांत के अकाउंट से करीब 80 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया। इसके बाद रविकांत को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस जांच के बाद से आरोपी विपिन कुमार निवासी रायबरेली उत्तर प्रदेश की तलाश कर रही थी। वर्तमान में पुलिस को आरोपी की लोकेशन मिली और उसे गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया।*

# आईपीएल के बीच 6 राज्यों के 14 सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने किराएदार बनकर कोलकाता-गुवाहाटी में छापा मारा; 500 अकाउंट से करोड़ों का ट्रांजेक्शन

रायपुर पुलिस की टीम ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता और असम के गुवाहाटी में छापेमारी की। इस दौरान 6 राज्यों के 14 सटोरियों को गिरफ्तार किया। यह सभी आरोपी महादेव सट्टा ऐप के पैनल से IPL में सट्टा खिला रहे थे। 500 बैंक खातों से करोड़ों के लेन-देन के सबूत मिले हैं।

रायपुर क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के पास से करीब 30 लाख रुपए का मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया है। रेड करने के लिए पुलिसकर्मी खुद किराएदार बनकर फ्लैट देखने के बहाने अंदर घुसे थे। इनमें झारखंड के 3, मध्यप्रदेश के 2, पंजाब-उत्तरप्रदेश-बिहार का एक-एक, छत्तीसगढ़ के 6 आरोपी शामिल हैं।



तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में हेराफेरी का आरोप

# निलंबित डीएफओ अशोक पटेल 23 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के आरोप में निलंबित डीएफओ अशोक पटेल 23 अप्रैल ईओडब्ल्यू की कस्टोडियल रिमांड पर रहेंगे। इस दौरान एसीबी-ईओडब्ल्यू निलंबित डीएफओ से पूछताछ करेगी।

छग एसीबी, ईओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा में निलंबित डीएफओ पटेल को गिरफ्तार कर रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ऐसा पहली बार है जब ईओडब्ल्यू ने किसी डीएफओ को गिरफ्तार किया है। वहीं, ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में अशोक पटेल को पेश करने के बाद पूछताछ करने के लिए कस्टोडियल रिमांड की मांग की। बतादें कि डीएफओ अशोक पटेल और उनके साथियों पर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में बड़ा घोटाला करने का आरोप है।

## रायगढ़ में हाथी ने ग्रामीण को पटक पटककर मार डाला

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। सुबह हाथी ट्रैकर का दल ने ग्रामीण की लाश देखी, तो मामले की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी। जहां मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक बायसी का रहने वाला भगत राम राठिया (50) गुरुवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकला और आमगांव बीट के 372 आरएफ की ओर कहीं जा रहा था। तभी अचानक एक हाथी से उसका सामना हो गया। हाथी ने ग्रामीण को सूंड से उठाकर पटक-पटक कर मार डाला। सुबह जब हाथियों की निगरानी के लिए ट्रैकर टीम जंगल जा रही थी, तो उन्होंने ग्रामीण की लाश देखी और मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। मृतक के परिजनों को मामले की सूचना दी गई और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के उसे अस्पताल भिजवाया। धरमजयगढ़ रेंजर दयानंद सोनवानी ने बताया कि इस क्षेत्र में 2 हाथी विचरण कर रहे हैं। मृतक इतनी सुबह किस काम के लिए जंगल की ओर गया था।

भालू को तड़पा-तड़पाकर मारने का वीडियो हुआ था वायरल

# भालू से क्रूरता पर हाईकोर्ट ने पीसीसीएफ से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भालू के साथ क्रूरता, जबड़े पंजे तोड़कर मारने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने वन विभाग को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

वहीं, कोर्ट ने पूरे घटनाक्रम पर पीसीसीएफ को शपथपत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। बता दें, कि बीते दिनों भालू के साथ क्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसे बस्तर सुकमा जिले के केरलापाल गांव का बताया गया। इसमें कुछ ग्रामीणों ने भालू के पैरों को तार से डंडे पर बांधा, मुंह और पंजा तोड़ा, सिर पर वार किया है।इस दौरान भालू दर्द से तड़पता रहा। बताया जा रहा है कि तड़पा-तड़पा कर उसे मार दिया गया है। जिस जगह पर भालू के साथ यह क्रूरता हुई, वहां पास में ही ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी खड़े हैं।



### राशा टंडन ने शेयर किया भालू से क्रूरता का वीडियो

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भालू की पिटाई का वीडियो बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा टंडन ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि लोग इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? लोग पीट रहे हैं। भालू दर्द से तड़प रहा है और ये लोग मजा ले रहे हैं। ये बहुत घिनौना है।

### इस मामले में दो आरोपी हुए गिरफ्तार


*बता दें कि बस्तर में भालू के साथ क्रूरता करने वाले 2 आरोपियों वंडो भीमा (20) और चंडो देवा (40) को वाइल्ड लाइफ और वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। इन्होंने जंगल में सुअर पकड़ने के लिए फंदा लगाया था, जिसमें भालू फंस गया। गांव के ही 2 लड़कों ने उसे मार-मारकर मौके पर ही अधमरा किया। फिर गांव लेकर आए। यहां गांववालों के सामने अपना रौब दिखाने के लिए भालू का मुंह-पंजा तोड़ दिया। पास में ही खड़े अन्य ग्रामीण वीडियो बनाते रहे और मजे लेते रहे।*



# इंसानों की जगह स्पर्म लगाएंगे दौड़, अजीबोगरीब रेस होने जा रही, क्रिकेट मैच की तरह जुटेंगे हजारों दर्शक!

न्यूयार्क। आपने टीवी पर सैकड़ों रेस देखी होंगी, क्रिकेट या फुटबॉल मैच को देखने स्टेडियम गए होंगे, पर जो चीज इंसानों को बनाती है, क्या आपने उनकी रेस देखी है? सुनकर अजीब लगेगा, पर ऐसी रेस हकीकत बनने जा रही है। एक अजीबोगरीब रेस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंसान नहीं स्पर्म दौड़ लगाएंगे। हैरानी की बात ये है कि इस रेस में क्रिकेट मैच की तरह हजारों दर्शक जुटेंगे।

## पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता



एडवांस इमेजिंग से पता चलेगा कि कौन से स्पर्म ने पहले फिनिश लाइन को पार किया। इस रेस को देखने के लिए 1000 दर्शक तक आएंगे। इसे बड़े स्पोर्टिंग ईवेंट की तरह आयोजित किया जा रहा है। इसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, लाइव कमेंट्री का आयोजन किया जाएगा और सट्टा लगाने के भी मौके लोगों को मिलेंगे। कंपनी ने इस रेस के लिए अबतक 8 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। इंसानी स्पर्म की चलने की स्पीड 5 मिलीमीटर प्रति मिनट के करीब होती है, ऐसे में ये रेस कितनी लंबी चलेगी, कोई नहीं जानता. ये कुछ मिनटों से लेकर घंटों तक भी चल सकती है।



## इस वजह से आयोजित की गई रेस

अब सवाल ये उठता है कि ऐसी रेस के आयोजन का कारण क्या है। इस रेस के जरिए पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है। मेल फर्टिलिटी के बारे में लोग बात नहीं करते, पर इस रेस के जरिए ये बताया जाएगा कि स्पर्म की स्पीड और पुरुषों की सेहत कैसे एक -दूसरे से जुड़े हैं। इस आइडिया के पीछे 4 लोग हैं, जिनके नाम एरिक जू, निक स्मॉल, शेन फैन, और गैरेट निकोनिएनको है। कंपनी का कहना है कि अगर लोग किसी स्पोर्ट के लिए खुद को ट्रेन कर सकते हैं तो फिर अपनी सेहत के लिए ट्रेनिंग क्यों नहीं कर सकते!

## रोचक खबरें



### यहां चाव से खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू, कांख में दबा-दबाकर होते हैं तैयार

**टोक्यो।** आपने आजतक कई तरह की डिसेज ट्राई की होगी। हर जगह की कुछ खास डिश होती है, जिसे खाना लोग पसंद करते हैं। इन डिशेज के दीवाने लोग इसे चखने के लिए कई-कई किलोमीटर का सफर तय कर लेते हैं। पूरी दुनिया के कई देश अपने कंट्री के कुछ स्पेसिफिक कुजीन के कारण मशहूर है। जहां चीन में कुत्ते और बिल्ली का मांस चाव से खाया जाता है तो वहीं जापान में खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू। नाम सुनकर शायद आप भी हैरान रह गए होंगे। आपको लग रहा होगा कि भला ये कैसा लड्डू है? लेकिन, जैसा कि इसका नाम आपको बताया, ये असल में पसीने से ही बनाए जाते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं जापान के स्पेशल राइस बॉल की। ये राइस बॉल खूबसूरत लड़कियों के कांख से दबाकर तैयार किया जाता है। इसके चावल पहले पका लिए जाते हैं। इसके बाद इन्हें ठंडा कर खूबसूरत लड़कियों के कांख के नीचे रखा जाता है, जहां दबा-दबा कर इसे शेप दिया जाता है। आपको भले ही ये सुनने में अटपटा लग रहा होगा, लेकिन जापान में इसे चाव से खाया जाता है। इस राइस बॉल को बनाने के लिए कई रेस्त्रां में लड़कियां रखी जाती है। उनके कांख के नीचे दबाकर इन्हें तैयार किया जाता है। बात अगर स्वाद की करें, तो इसे खाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। मर्दों में इस राइस बॉल को खाने का क्रेज देखने को मिलता है। लेकिन, इसे बनाने का तरीका और नियम काफी सख्त है। अगर इसके नियम नहीं माने गए तो राइस बॉल को अपना यूनिक टेस्ट नहीं मिल पाता।

### प्रेमी बाइक लेकर पहुंचा गर्लफ्रेंड की ससुराल, फिर सास को कमरे में किया बंद, फरार हो गए दोनों

**हरिद्वार** । उत्तराखंड के हरिद्वार में एक नवविवाहिता ने शादी के महज़ 15 दिन बाद अपनी सास को कमरे में बंद कर दिया और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना में मोड़ तब ले लिया जब नवविवाहिता खुद प्रेमी संग पुलिस चौकी पहुंच गई। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। बीते 31 मार्च को हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र की एक युवती की शादी पथरी क्षेत्र के एक युवक से कर दी गई थी। पर कहानी यहीं खत्म नहीं होती। युवती का अपने गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूजे से शादी करना चाहते थे, मगर परिवार की मर्जी ने उनकी मोहब्बत को बीच रास्ते में ही रोक दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है जब नवविवाहिता घर पर अपनी सास के साथ अकेली थी। इसी दौरान उसका प्रेमी अपने एक साथी के साथ बाइक पर गांव पहुंचा। नवविवाहिता ने सास को कमरे में बंद किया और प्रेमी के साथ भाग निकली। कुछ समय बाद सास ने पड़ोसियों की मदद से खुद को छुड़वाया और तुरंत बेटे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। घटना ने तब और मोड़ लिया जब देर शाम नवविवाहिता खुद प्रेमी संग फेरुपुर पुलिस चौकी पहुंच गई। उसने पुलिस के सामने अपने मायके वालों पर जबरन शादी करवाने का आरोप लगाया और प्रेमी संग ही रहने की जिद पर अड़ी रही। फेरुपुर चौकी प्रभारी के अनुसार, नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। पुलिस और स्वजन दोनों उसे समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युवती अपने फैसले पर अडिग है।



### खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला अचानक हुई गायब बेटे ने ढूंढा तो अजगर ने मुंह में दबा रखा था सिर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया से एक चौंकाने वाली घटना सामने आ रही है। इस घटना की कहानी एक महिला पर आधारित है, जो खेतों में काम कर रही होती है और काम करते वक्त ही उसके साथ एक भयावह घटना हो जाती है, जिससे उनकी मौत भी हो जाती है। दरअसल, खेतों में काम कर रही इस महिला का शव 23 फुट लंबे अजगर के मुंह में दबा हुआ मिला। खबरों की मानें तो यह महिला खेतों में काम कर रही थी और अचानक ही गायब हो गई, जब परिवार वालों ने ढूंढने की कोशिश की तो उनका शव एक अजगर ने निगला हुआ था। एक रिपोर्ट की मानें तो बुजुर्ग महिला के बेटे ने इस घटना के बारे में बताते हुए कहा कि मैं हमेशा से ही उनके खेत में काम करने को लेकर चिंतित रहता था। वहां मैंने कई बार बड़े-बड़े सांप देखे हैं, लेकिन वह जब छोटी थीं, तब से ही खेत में काम करती थीं। इसलिए, वह इन सांपों से बिल्कुल भी नहीं डरती थीं। वह काम करते हुए अपने पास एक टोकरी रखती थीं, लेकिन आज मुझे वो टोकरी अपने यार्ड में दिखी, जिसके बाद मुझे आभास हुआ कि यहां कुछ तो गड़बड़ हुई है। बेटे ने आगे बताया कि जब वह अपनी मां को ढूंढ़ने के लिए खेत में गए तो देखा कि एक 23 फुट लंबे अजगर ने उनका आधा शरीर निगल लिया है। बेटे ने अफरा-तफरी में आसपास के कुछ लोगों को बुलाया और अपनी मां को रेस्क्यू कर के बाहर निकाला तो उनकी मौत हो चुकी थी। बता दें कि इंडोनेशिया में पहले भी कई ऐसे मामले आ चुके हैं।



# वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा ऐसा ग्रह जिस पर है जीवन, मिल सकते हैं एलियंस

लंदन। एलियंस के बारे में अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों को सुदूर अंतरिक्ष में मौजूद एक ग्रह पर एलियंस के होने के संकेत मिले हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शीर्ष खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने के2-18बी नामक इस सुदूर ग्रह पर जीवन से जुड़ी गतिविधि का अब तक का सबसे अच्छा संकेत देखा है। वैज्ञानिक इस बारे में 99.7% आश्वस्त हैं। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन ने वैज्ञानिकों के हवाले से बताया है कि के2-18बी नामक एलियंस ग्रह 120 प्रकाश वर्ष दूर है और हमारी पृथ्वी के आकार का लगभग ढाई गुना बड़ा है।

## धरती की तरह मिला संकेत


खगोलविदों ने ग्रह के वायुमंडल में डीएमएस नाम अणु की पहचान की है।



पृथ्वी पर इस अणु का निर्माण हमारे समुद्र में रहने वाले छोटे शैवाल करते हैं। इन्हें मानव आंखों से नहीं देखा जा सकता है, लेकिन बड़ी संख्या में पानी पर रंगीन पैच के रूप में दिखाई देते हैं। इसी तरह का एलियन जीवन इसे के2-18बी पर पैदा कर सकता है। प्रमुख वैज्ञानिक प्रोफेसर निक्कू मधुसूदन ने कहा, 'साहित्य में ऐसा कोई तंत्र नहीं जो ये समझा सकते कि हम जो देख रहे हैं वह बिना जीवन के (संभव) है।'

## दूसरे ग्रहों पर जीवन तलाशना है मुमकिन

मालूम हो कि इस खोज में अहम भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन ने कहा है कि यह खोज सभी के लिए बहुत खास है, क्योंकि इससे साबित होता है कि आज की तकनीक से हम दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना और निशान ढूंढ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम अब उस दौर में आ गए हैं, जब दूर के ग्रहों पर जीवन तलाशना मुमकिन हो गया है।




## जेम्स वेब टेलिस्कोप के डेटा का अध्ययन

खगोलविदों ने अध्ययन के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से मिले डेटा का इस्तेमाल किया। इस विशाल टेलिस्कोप को 2021 में लॉन्च किया गया था। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों को ग्रह के वायुमंडल में दो अणुओं के फिंगरप्रिंट दिखाई दिए हैं- डाइमेथिल सल्फाइड और डाइमेथिल डाइसल्फाइड। ये दोनों अणु केवल पृथ्वी पर जीवन के माध्यम से निर्मित होते हैं, जो आमतौर पर सूक्ष्मजीव हैं।

## के2-18बी है ग्रह का नाम

वैज्ञानिकों ने इस ग्रह का नाम के2-18बी बताया है। यह ग्रह धरती से कई गुना बड़ा है और यह अपने तारे के उस हिस्से में चक्कर काट रहा है, जहां तापमान इतना सही होता है कि वहां पानी तरल रूप में रह सकता है। पानी का तरल रूप में होना जीवन के लिए बहुत जरूरी होता है। इसलिए वैज्ञानिक इसे एक रहने लायक जगह बताया है, जहां पर जीवन संभव हो सकती है।



## ग्रह पर महासागर की संभावना

अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों का मानना है कि नतीजे इतने पुख्ता हैं कि इसकी सिर्फ 0.3% प्रतिशत संभावना है कि यह संयोग से घटित हुआ हो। संभावना है कि यह एक पानी से भरा महासागर और एक घने हाइड्रोजन युक्त वायुमंडल वाला ग्रह है। प्रोफेसर मधुसूदन ने बताया कि 'अगर यह हाइसीन दुनिया है तो यह ग्रह महासागरों से ढंका होगा।' हाइसीन शब्द हाइड्रोजन और ओसन को एक साथ मिलाने से बना है। प्रोफेसर मधुसूदन ने आगे कहा, 'हम अभी नहीं जानते कि उन महासागरों का तापमान क्या होगा, लेकिन उम्मीद है कि यह पृथ्वी से थोड़ा गर्म होगा।' निक्कू मधुसूदन का कहना है कि अगर ऐसे ग्रह सच में हैं, तो वहां सूक्ष्म जीवों की संभावना हो सकती है। जैसे हमारी धरती के समुद्रों में होते हैं। उनके मुताबिक यह कहना अभी संभव नहीं है कि वहां इंसानों जैसे विकसित या बुद्धिमान जीव मौजूद हैं या नहीं।


# ऐसे गांव में रहती है लड़की, जहां दूर-दूर तक नहीं है कुछ भी, हवाई जहाज से लाती है राशन

न्यूयार्क। आजकल हमारी ज़िंदगी इतनी आसान हो गई है कि कुछ भी चाहिए, हम फट से डिलीवरी ऐप्स के ज़रिये मंगा लेते हैं। हमें इसके लिए ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ता है, लेकिन आज भी धरती पर ऐसी जगह है, जहां लोगों को राशन के लिए भी संघर्ष करना होता है। दिलचस्प ये है कि फिर भी यहां पर रहने वाले लोगों को कोई शिकायत नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां पर दूर-दूर तक न कोई बाज़ार है और न ही कोई खाने-पीने की जगह। ऐसे में यहां रहने वाले लोग राशन लाने के लिए भी एयरक्राफ्ट से जाते हैं और इसे सोच-समझकर खर्च करते हैं। वे बहुत ही सीमित संसाधनों में अपनी लाइफ जीते हैं, लेकिन फिर भी खुश हैं।



## बाज़ार और दुकानें भी नहीं

सेलिना ऑल्सवर्थ नाम की 27 साल की लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है। अपने 25 साल के पति जैरेड रिचर्डसन के साथ सेलिना अमेरिका में अलास्का के पोर्ट ऑल्सवर्थ नाम के गांव में रहती है। ये गांव भी सेलिना के पूर्वजों का है, जो 1940 में यहां आकर बस गए थे। ये जगह इतनी दूर है कि नज़दीकी राशन की दुकान भी 200 मील की दूरी पर है, जहां एयरक्राफ्ट से जाना पड़ता है। सेलिना के पति जैरेड रिचर्डसन पहले मिशिगन में रहते थे। साल 2022 में वो सेलिना के साथ यहीं आकर शिफ्ट हो गए और अब उन्हें यहां की ज़िंदगी की आदत पड़ गई है।



## दो महीने में एक बार राशन की शॉपिंग

यही वजह है कि दो महीने में एक बार जाकर ही राशन खरीदा जा सकता है। इस गांव में फिर भी 180 लोग रहते हैं, जिनके लिए न तो कोई दुकान, रेस्तरां, बार या थियेटर है। सेलिना अपने पति के साथ मिलकर एक गिफ्ट शॉप और फैमिली रिसॉर्ट चलाते हैं। टूरिज़्म के ज़रिये ही उनकी कमाई होती है। इस जगह पर एक छोटा क्लिनिक भी है, ताकि प्रेग्नेंसी और कुछ एमरजेंसी सिचुएशन में लोगों की मदद की जा सकी। दरअसल, सेलिना के पूर्वज यहां रहकर साबित करना चाहते थे कि वे एक ऐसी जगह पर ज़िंदगी जी सकते हैं, जहां मिनिमम सुविधाएं हों। उन्हें बाद में सरकार ने ये ज़मीन रहने के लिए दे भी दी। अब सेलिना अपने पूर्वजों की धरोहर को संभाल रही हैं।

### कूड़े में मिली पिता की 62 साल पुरानी पासबुक रातों-रात करोड़पति बन गया बेटा!



**सैंटियागो।** कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो परियों की कहानी जैसी होती हैं। चिली में रहने वाले एक शख्स के साथ बिल्कुल ऐसा ही हुआ। और वो एक पुराने कागज के टुकड़े की बदौलत रातोंरात करोड़पति बन गया। उसे उम्मीद भी नहीं रही होगी कि उसे इस तरह से अपने पिता का आशीर्वाद उनकी मौत के 10 साल बाद मिलेगा। चिली में रहने वाले एक्सेक्विएल हिनोजोसा नाम के एक व्यक्ति को अपने दिवंगत पिता की पुरानी बैंक पासबुक कूड़ेदान में मिली। इसने उनकी किस्मत बदल दी और उन्हें एक छोटे से नोट से बैठे-बैठे करोड़ों रुपए मिल गए। एक्सोकिल के करोड़पति बनने की कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। हिनोजोसा के पिता ने 1960-70 के दशक में बैंक में करीब 1.40 लाख रुपए जमा किये थे। उस समय उनका इरादा उस पैसे से एक घर खरीदने का था। लगभग दस साल पहले उनका निधन हो गया था और परिवार के किसी भी सदस्य को इस बैंक में रखे उनके पैसों के बारे में कुछ भी पता नहीं था। 62 साल पुरानी ये पासबुक हिनोजोसा को घर में कचरा साफ करते समय यह मिल गई। जिस बैंक की ये पासबुक थी, वो पूरी तरह से बंद हो चुका है। फिर अचानक उसकी नज़र पासबुक पर लिखी 'राज्य गारंटी' पर पड़ी। इसका मतलब है कि यदि बैंक विफल हो जाता है तो सरकार पैसा वापस कर देगी। हिनोजोसा ने सरकार से पैसे की मांग की तो सरकार ने पहले तो इनकार कर दिया, लेकिन हिनोजोसा ने इसके लिए कानूनी लड़ाई शुरू की। आखिरकार अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि वह हिनोजोसा को ब्याज सहित धनराशि लौटाए।

# धरती पर नहीं बचेगा कोई भी जीव, हो जाएगा सब तबाह नासा के वैज्ञानिकों ने कर दिया तारीख का ऐलान!

**टोक्यो।** लंबे वक्त से इंसान धीरे-धीरे इस धरती को अंत की ओर ढकेलने पर उतारू है। ग्लोबल वॉर्मिंग, जलवायु परिवर्तन और कई अन्य तरह की प्राकृतिक आपदाएं इस बात का सबूत हैं। एक वक्त ऐसा आएगा जब धरती सब झेलते-झेलते अंत तक पहुंच जाएगी। भले वो दिन बहुत दूर है, मगर एक न एक दिन ऐसा जरूर होगा। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि वैज्ञानिकों का दावा है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने बता दिया है कि कितने साल बाद इस धरती का अंत होगा।

एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार नासा के वैज्ञानिकों ने हाल ही में जापान की यूनिवर्सिटी ऑफ टोहो के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर एक शोध किया और पता लगाया कि धरती को खत्म होने में कितने दिन बाकी हैं। टीम ने सुपरकंप्यूटरों और कई प्रकार के मैथमैटिकल मॉडल का प्रयोग कर के इसके बारे में पता लगाया है। उनकी गणना के हिसाब से धरती पर जीवन 1 अरब साल के बाद नहीं कायम रहेगा। इसका कारण ये है कि धरती पर इतने एक्सट्रीम कंडीशन्स बनते जा रहे हैं, जिसके कारण लाइफ का अस्तित्व में रहना मुमकिन नहीं होगा।



## बच सकती है तबाही

वैज्ञानिकों ने कहा कि इंसानों की वजह से जलवायु परिवर्तन में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते हमारे ग्रह पर बड़ा और बुरा परिवर्तन देखने को मिलेगा। हालांकि, एक्सपर्ट्स की ये भी राय है कि अगर तकनीक में सुधार की वजह से इन बदलावों पर काबू भी पाया जा सकता है। लोगों के लिए नई जिंदगी की रचना, आर्टिफिशियल वातावरण बनाने से भी इंसानों को बचाया जा सकता है। वैज्ञानिक मार्स पर जीवन की भी खोज करने में लगे हैं।

## इस दिन खत्म होगी धरती

रिसर्चर्स का मानना है कि सूर्य की वजह से ही धरती पर जीवन का अंत होगा। थर्मल ऊर्जा इतनी ज्यादा हो जाएगी कि आसपास के ग्रह, यहां तक हमारी पृथ्वी भी उसकी चपेट में आ जाएगी। गणना के हिसाब से धरती पर जीवन 999,999,996 साल तक बेहद कठिन हो जाएगा और साल 1,000,002,021 तक इस धरती से जीवन का नामोनिशान तक खत्म हो जाएगा। जैसे-जैसे सूर्य का दायरा बढ़ेगा, धरती पर तापमान भी बढ़ने लगेगा। इसकी वजह से हवा की गुणवत्ता खराब होने लगेगी। सोलर स्टॉर्म की वजह से एटमॉस्फियरिक बदलाव भी हो रहे हैं जिससे ऑक्सीजन का स्तर भी कम हो रहा है।

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वर्षगांठ पर बोले इंडस्ट्री लीडर्स

# अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध से भारत के पास ग्लोबल हब बनने का अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ युद्ध को देखते हुए इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि यह भारत के लिए वैश्विक आर्थिक विकास और इनोवेशन का केंद्र बनने का सुनहरा अवसर है।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर बातचीत में मैनकाइंड फार्मा के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने कहा कि यह एक बहुत ही अलग तरह की परिस्थिति है और भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। देश का भविष्य काफी उज्ज्वल है।



### काफी सारे स्टार्टअप्स कर रहे हैं अच्छा प्रदर्शन

जुनेजा ने आगे कहाकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों में ग्लोबल लीडर बनना फिलहाल दूर का सपना लगता है, लेकिन देश सही रास्ते पर है। मैनकाइंड फार्मा के वाइस चेयरमैन के मुताबिक देश को छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। काफी सारे स्टार्टअप्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित*

*उन्होंने कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण पर सरकार के फोकस की प्रशंसा की और बढ़ते इन्फ्रास्ट्रक्चर और सपोर्ट सिस्टम को सही कदम बताया। जुनेजा ने कहाकि सरकार शानदार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।*

### *अभी का समय सबसे बेहतर*

*हिंदुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय भाटिया ने कहाकि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है। जिस तरह से भारत प्रगति कर रहा है और वैश्विक स्तर पर इसकी पहचान बन रही है, वह हमारे उद्योगों के लिए एक बेहतरीन अवसर है।*

# फास्टैग सिस्टम 1 मई से खत्म होगा, जीपीएस से कटेगा टोल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वालों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार 1 मई 2025 से फास्टैग की जगह एक नया सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगले 15 दिनों में नई टोल नीति पेश की जाएगी और यह यात्रियों के लिए संतोषजनक होगी।

सरकार जिस नए टोल सिस्टम की बात कर रही है, उसका नाम है ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम। यह एक जीपीएस-आधारित प्रणाली है, जिसमें वाहन की लोकेशन को सैटेलाइट की मदद से ट्रैक किया जाएगा और उसी आधार पर तय दूरी के अनुसार टोल शुल्क सीधे बैंक खाते से काट लिया जाएगा। यानी अब टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। फास्टैग प्रणाली में भले ही कैश की जगह डिजिटल पेमेंट होता है, लेकिन वाहन को टोल बूथ से गुजरते समय रुकना पड़ता है। कई बार इससे लंबी कतारें लग जाती हैं। वहीं, जीएनएसएस प्रणाली वर्चुअल टोल बूथ के जरिए काम करती है। इसमें टोल की गणना वाहन की ट्रैक की गई दूरी के अनुसार होती है और भुगतान सीधे बैंक खाते से होता है।

खास खबर

## टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित नामी क्रिकेटर टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा




**मुंबई।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं। मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे।

सेबी अध्यक्ष ने विश्वास निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर सीआईआई प्रकाशन जारी किया

# नियमों को तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता, क्योंकि अत्यधिक विनियमन विकास और नवाचार को कर सकता है बाधित: पांडे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे ने कहा कि अच्छा कॉरपोरेट गवर्नेंस एक सफल उद्यम की नींव है। वे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 18वें कॉर्पोरेट गवर्नेंस शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहाकि नियामक के दृष्टिकोण से, सूचीबद्ध संस्थाओं में कॉर्पोरेट गवर्नेंस के उच्च मानक शेयरधारकों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों के लिए पारदर्शी खुलासे, बोर्ड की स्वतंत्रता और प्रभावी निगरानी के माध्यम से निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए मजबूत गवर्नेंस तंत्र आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत शासन के लिए जानी जाने वाली कंपनी की प्रतिष्ठा सकारात्मक होती है, जिससे बेहतर क्रेडिट रेटिंग, पूंजी तक आसान पहुंच और उच्च मूल्यांकन हो सकता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक विनियमन विकास और नवाचार को बाधित कर सकता है, जबकि बहुत कम विनियमन भी हितधारकों के विश्वास में कमी ला सकता है और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।




### एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करना है

बोर्ड नेताओं के लिए एआई के प्रभावी अपनाने और शासन पर सीआईआई गाइडबुक शीर्षक से एक और प्रकाशन भी जारी किया गया। इस गाइडबुक का उद्देश्य निदेशक मंडल के लिए एआई प्रशासन की जटिलताओं को समझने और बेहतर व्यावसायिक परिणाम प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य करना है। गाइडबुक में एआई से संबंधित बुनियादी अवधारणाएं, विभिन्न व्यावसायिक कार्यों में इसका उपयोग, एआई प्रशासन,ढांचे की महत्ता और प्रशासन में जोखिम, चुनौतियां तथा व्यवसायों में एआई के उपयोग से जुड़े निदेशकों की जिम्मेदारियां शामिल हैं।

### *बोर्ड की निगरानी बढ़ाने की मांग*

*शिखर सम्मेलन में संजीव बजाज, पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई, सीआईआई कॉर्पोरेट गवर्नेंस काउंसिल के अध्यक्ष और बजाज फिनसर्व लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि शासन को वास्तविक व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन से आगे बढ़कर स्वरूप से अधिक सार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विश्वास की अनिवार्यता, प्रमुख हितधारकों के दृष्टिकोण से कॉर्पोरेट प्रशासन को शामिल करने के लिए 5 प्रमुख कॉर्पोरेट प्रशासन रुझानों पर प्रकाश डाला और बोर्ड की निगरानी बढ़ाने की मांग की। जबकि सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कॉर्पोरेट प्रशासन को इसके दूरगामी प्रभावों के कारण व्यावसायिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।*

## एमजी मोटर ने किया हेक्टर 'मिडनाइट कार्निवल' पेश

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने फ्लैगशिप एसयूवी एमजी हेक्टर को खरीदने के अनुभव को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एक रोमांचक अभियान 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपए तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल, 1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही 2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर पर आरटीओ खर्च पर 50 फीसदी की छूट और एमजी एक्सेसरीज़ तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा।

### पंजाब में सीनियर होने का अहसास हो रहा है

**मुल्लांपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जब से वह पंजाब किंग्स की टीम से जुड़े हैं तब से उन्हें सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी जब किशोर था तभी पंजाब किंग्स से जुड़ गया था और तब से वह इस टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उसकी तेज गेंदबाजी की अगुवाई कर रहे हैं। अर्शदीप ने पंजाब की तरफ से सात सत्र में 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले साल 19 विकेट लिए थे जो किसी एक सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### दिल्ली के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा किया गया है। आईपीएल के बयान के अनुसार, 'भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल आचार संहिता के खेल भावना से विपरीत आचरण करने से संबंधित अनुच्छेद 2.20 के लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है।'

## वर्ल्ड हेरिटेज डे आजः कलाकारों ने भारत की अमूल्य विरासत को किया याद

**मुंबई।** वर्ल्ड हेरिटेज डे को 'अन्तर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस' या 'इंटरनेशनल डे फॉर मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स' के रूप में भी जाना जाता है। हर साल 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हमारी सांस्कृतिक विरासत की संपन्नता के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखने की जरूरत को समझाना है। इस अवसर पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने भारत के कुछ ऐतिहासिक स्थलों की यादगार यात्राओं के अनुभव साझा किए। इन कलाकारों में नीता मोहिन्द्रा ('भीमा' की कैलाशा बुआ), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) शामिल हैं । नीता मोहिंद्रा उर्फ 'भीमा' की कैलाशा बुआ ने कहा, ''भारत की सांस्कृतिक खूबसूरती इसकी जीवंत और समृद्ध विरासत में रची-बसी है, और इसे भारत के ऐतिहासिक शहरों में खूबसूरती से अनुभव किया जा सकता है। मुझे जयपुर की समय से परे सुंदरता ने मंत्रमुग्ध कर दिया। गुलाबी बलुआ पत्थरों से बने भवनों के कारण प्रसिद्ध 'पिंक सिटी' सच में एक जीवंत संग्रहालय की तरह लगा। आमेर का किला अपने भव्य परकोटों, शीश महल की जादुई कांच की कलाकारी और अरावली की पहाड़ियों के शानदार नजारों के साथ वाकई अविस्मरणीय था। हवामहल की मधुमक्खी के छत्ते जैसी आकृति और सैकड़ों झरोखे, राजघरानों के जीवन और वास्तुकला की बेमिसाल खूबसूरती को दर्शाते हैं। सिटी पैलेस के आंगन, म्यूजियम और शाही डिजाइन राजस्थान की शान और विरासत को जीवंत करते हैं। लेकिन इन ऐतिहासिक इमारतों के साथ-साथ, वहां के लोग, उनकी परंपराएं, रंग-बिरंगे पहनावे और मेहमाननवाजी ने मेरी इस यात्रा को और भी खास बना दिया। जयपुर सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं था, वह इतिहास में डूबने का एक अनुभव था, जो आज भी सांस लेता है।''



# मंधाना रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी

**पुणे।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने कहा, 'फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।'



चैंपियंस लीग

# आर्सेनल और इंटर मिलान ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

आर्सेनल ने गत चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा। इस बार 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड किसी तरह की ऐतिहासिक वापसी नहीं कर पाया। अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए। यह 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि रियल मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। इस तरह से वह पिछले चार सत्र में तीसरी बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने से भी चूक गया।

### मार्टिनेली ने दिलाई जीत

आर्सेनल और रियल मैड्रिड में से कोई भी पहले हाफ में गोल नहीं कर पाया। बुकायो साका पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए लेकिन उन्होंने 65वें मिनट में मिकेल मेरिनो के पास पर गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिलाई।विनीसियस जूनियर ने इसके तुरंत बाद रियल मैड्रिड की तरफ से बराबरी का गोल दागा।

### संदीप को सुपर ओवर देने के फैसला का बचाव




**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सुपर ओवर में जोफ्रा आर्चर की जगह संदीप शर्मा को गेंदबाजी सौंपने के फैसले का बचाव किया। नितीश ने कहा, 'किसे गेंदबाजी या बल्लेबाजी के लिए भेजना है यह कभी भी एक व्यक्ति का फैसला नहीं होता। कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन और सहायोगी स्टाफ सभी चीजों पर चर्चा करते हैं और उसके बाद फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि अगर नतीजा हमारे पक्ष में होता तो शायद इस बारे में बात नहीं होती।'

## नीरज ने 84.52 मीटर थ्रो के साथ की सत्र की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान ज़ेलेज़नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं।

# स्टार्क ने बनाई थी सिर्फ यॉर्कर फेंकने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओपर में मिली जीत का श्रेय मिचेल स्टार्क दिया। दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। स्टार्क ने अपने अंतिम दो ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। स्टार्क ने इसके बाद सुपर ओवर में भी रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। अक्षर ने कहा, 'अंत में जब स्टार्क के दो ओवर बचे हुए थे तो मुझे भरोसा था कि अगर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है तो भी स्टार्क अपनी गति से उन्हें छका सकता है।'

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2440 to 2790/Water Supply/2025 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // विदिशा, दिनांक 16/04/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2440 | 2025_UAD_417613_1 | Supply of 01 Tractor 42 hp and 04 Tanker 5000 let. Vidisha Municipality | I Call | 2000000.00 | 15000.00 | 2000.00 | 03 months | 23/05/2025 |
| 2 | 2790 | 2025_UAD_417623_1 | Supply instalation testing commissionning operation and maintenance of Signal Lights. | I Call | 9300000.00 | 69750.00 | 10000.00 | 06 months | 23/05/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5840



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5839 का हल



## सूडोकू नवताल - 5850

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5849 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

बच्चों, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी




जागरूकता


देवेंद्र मेवाड़ी











बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

### चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।



**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां



बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रियां-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150


1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी

मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

रंग भरो-173 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### रेइजा ने महिला स्कीट में किया निराश

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेइजा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैंयनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेइजा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गई। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकी जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है।

### उबर के खिलाफ कोर्ट पहुंचा आरसीबी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके एक यूट्यूब विज्ञापन पर उसके ट्रेडमार्क का अपमान करने का आरोप लगाया। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अंतरिम याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा। रॉयल

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हार के बाद की कार्रवाई

# नायर-दिलीप और सोहम बाहर, कोचिंग स्टाफ पर बीसीसीआई का कड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए फील्डिंग कोच टी दिलीप और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ से हटा दिया है। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोचिंग स्टाफ और भी कई सदस्यों को हटाकर बीसीसीआई ने सख्त चेतावनी दी है कि टेस्ट में भारतीय टीम के प्रदर्शन को अनदेखा नहीं किया जा सकता।अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है।





### गंभीर के सहयोगियों पर गिरी गाज

द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे।

### करारी हार के बाद उठे सवाल

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे। बीसीसीआई ने इसके बाद एनसीए और भारत-ए के कोच सितांशु कोटक को सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए बतौर बैटिंग कोच टीम इंडिया से जोड़ा था। भारत ने फिर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था। हालांकि, तब अभिषेक, रेयान टेन, मोर्कल और दिलीप भी टीम स्टाफ का हिस्सा थे। अब जब दिलीप, सोहम और अभिषेक को बर्खास्त कर दिया गया है, बाकी अपने पद पर बने रहेंगे।

### डेशकाटे बने अस्थाई कोच

फिलहाल सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे टी दिलीप की जगह अस्थाई रूप से फील्डिंग कोच की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। नायर और दिलीप के लिए अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स, जो इस समय आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ हैं, सोहम देसाई की जगह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच की जिम्मेदारियों को संभालेंगे।

### प्रदर्शन सुधारने का दबाव

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में झटके के बाद बीसीसीआई पर टेस्ट में टीम के प्रदर्शन को सुधारने पर काफी दबाव था। बीजीटी में भारत को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया नहीं, भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट में 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था।

## फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल

**पेरिस।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरुआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने गुरुवार को कहा, 'राफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा।'' क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे।


**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ / जलाऊ एवं चंदन काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ़
नीलाम दिनांक-23-04-2025
नीलाम समय- प्रात: 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 18.461 | 0 | 16.639 | 787 |
| 2 | साल | 192.201 | 0 | 341.557 | 440 |
| 3 | साजा | 2.787 | 0 | 58.462 | 0 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0.126 | 51 |
| 5 | खम्हार | 0 | 0 | 11.442 | 240 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 0.393 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 8.693 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | सलैया | 1.270 | 0 | 0 | 0 |
| | योग:- | 223.412 | 0 | 428.619 | 1518 |

जलाऊ काष्ठ

| क्र. | विवरण | नया लॉट | पुराना लॉट |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ मिश्रित | - | 260 चट्टा |

**टीप :-** 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई डी से लॉगईन करके देख सकते है ।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G-252600309/3






**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला जबलपुर**

क्रमांक /02/भू-अर्जन /2024-25 पृ.क्र. 18-82 23-24 जबलपुर, दिनांक 01/4/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र दिनांक 12/11/2014 द्वारा जारी आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अनुसार कुण्डम विकास खण्ड मे स्थित हिरन मध्यम सिचाई परियोजना के शीर्ष कार्य के डूब क्षेत्र में आंशिक रुप से प्रभावित सिलौंडी कुण्डम मार्ग के एवज में घोड़ाटाकन, भडरी, सलैया, कुण्डम मार्ग के प्रभावित ग्राम भडरी प.ह.न. 0041, रा.नि.म. कुण्डम, कुण्डम जिला जबलपुर के कृषको से भूमि क्रय की जा रही है।

ग्राम :- भडरी

| स. क्र. | कृषक का नाम पिता / पति का नाम | भूमि का विवरण | | क्रय हेतु प्रस्तावित रकवा हैं. | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खसरा | रकवा हैं. | | | |
| 01 | फूलबाई पुत्री ढिमरू गन्शो बाई बेवा ढिमरू सोहदर बाई पुत्री ढिमरू | 245/1/2 | 0.75 | 0.08 | | |
| 02 | सुकलाल पिता घुरका | 247 | 2.12 | 0.02 | | |
| 03 | बिसरती बाई पति चेतराम | 264 | 0.68 | 0.10 | | |
| 04 | हरिसिंह पिता कमल सिंह | 241/1 | 0.85 | 0.07 | | |
| 05 | महेन्द्र लाल परधान पिता भंगी लाल परधान | 266 | 0.08 | 0.02 | | |
| 06 | मुन्ना सिंह पिता सोहन सिंह | 261/1 | 2.25 | 0.22 | | |
| 07 | तेजी लाल पिता कोल्हू | 246/1 | 0.75 | 0.15 | | |
| 08 | सेवाराम पिता अर्जुन सुखई सिंह पिता अर्जुन सिंह, विश्वनाथ सिंह पिता अर्जुन विशाल सिंह पिता अर्जुन तुलसी बाई पिता अर्जुन नन्ही बाई बेवा सेवक बेडी सिंह पिता धरमू रौनी बाई पिता धरमू दशरथ पिता परमलाल, बराती पिता परमलाल. बिरिया बाई पिता परमलाल अंगद सिंह पिता सेवक बसंती बाई पिता सेवक गुल्लो बाई पिता सेवक विरझा सिंह पिता सेवक मस्तराम पिता गंगलू मंगली बेवा गंगलू रामू पिता डुमारी | 250<br>260 | 3.70<br>3.50 | 0.23<br>0.30 | | |
| 09 | डुमारी पिता बाबूलाल | 245/2 | 1.00 | 0.10 | | |
| | कुल | 10 | 15.68 | 1.29 | | |

उपरोक्तानुसार क्रय की जा रही भूमियों के भूमि स्वामियों को हित व परिसंपत्तियों आदि बावत् दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो मय अभिलेख की सूचना प्रकाशन के 15 ( पंद्रह ) दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश दिनांक को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावे / आपत्तियाँ मान्य नहीं की जावेगी ।

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के बारे में हितबध्द कोई भी व्यक्ति प्रकाशन की जानकारी वेबसाइट www.jabalpur.nic.in एवं मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाइट www.mprevenue.nic.in पर भी देखा जा सकता है.

2- भूमि का नक्शा ( प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी कुण्डम / जबलपुर कार्यालय में एवं कार्यपालन यंत्री, हिरन जल संसाधन संभाग, जबलपुर कार्यालय में भी देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(दीपक सक्सेना IAX )
कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-11685/25 "स्वच्छता ही सेवा"

# फर्जी डॉक्टरों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी: प्रमुख सचिव

## चिकित्सा शिक्षा पीएस ने किया मेडिकल व कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव ने गुरुवार को यहां जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल और सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का भी जाएजा लिया। गौरतलब है कि हाल ही में हाईकोर्ट ने स्टेट कैंसर यूनिट के लिये फंड आवंटित होने और उपकरण खरीदी के टेंडर बार बार निरस्त होने पर सरकार से जवाब मांगा था, कहा जा रहा है कि इसी सिलसिले में प्रमुख सचिव का दौरा हुआ। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि दमोह के एक फर्जी डॉक्टर द्वारा हार्ट सर्जरी से हुई 7 मरीजों की मौत पर भी गंभीरता से संज्ञान लेते हुये मध्य प्रदेश में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की तैयारी शुरु कर दी है। इसलिये प्रमुख सचिव प्रदेश की अस्पतालों का जायजा लेने निकलें हैं। मध्यप्रदेश में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो चुकी है। दमोह जिले में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर प्रकरण के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस दिशा में गंभीर रुख अपनाया है। निरीक्षण के दौरान श्री यादव ने अस्पताल के डीन और अधीक्षक से चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कहा कि प्रदेश में बिना योग्यता डॉक्टर बनकर इलाज करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



### व्यवस्थाओं की सराहना, सुधार की बात

प्रमुख सचिव ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज, सुविधाएं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि "मैं कमियां निकालने नहीं, समाधान खोजने आया हूं। मेडिकल अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है, लेकिन कुछ जरूरी कमियां हैं जिन पर काम किया जा रहा है।" उन्होंने विशेष रूप से मैनपावर की कमी को रेखांकित किया और कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

### स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में लीनियर एक्सीलेरेटर की कमी

निरीक्षण के दौरान संदीप यादव ने स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें जानकारी दी कि लीनियर एक्सीलेरेटर मशीनें अभी तक इंस्टॉल नहीं हो सकी हैं, जिसका मुख्य कारण बजट की अनुपलब्धता है। अधिकारियों ने बताया कि इन मशीनों के लग जाने से मरीजों को मुंबई या अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रमुख सचिव ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# बीएएमएस डॉक्टर कर रहा था एलोपैथी में इलाज

हरिभूमि, जबलपुर।

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन मे गठित गरुड़ दल ने कल यहां बिलहरी स्थित एक कथित हास्पिटल की जांच पड़ताल की। रांझी एसडीएम आरएस मरावी के नेतृत्व वाले गरुे जांच पड़ताल में पाया की, सुलखिया हास्पिटल बिना अनुमति और बिना पंजीयन के चल रही थी। अस्पताल के संचालक डॉक्टर दिव्यांश सुलखिया के पास बीएएमएस की डिग्री थी और वे एलोपैथी पध्दती में इलाज कर रहे थे, कार्यवाही के दौरान अस्पताल में 10 बिस्तर और मरीज इलाजरत मिले, जिसके प्रशासन ने अस्पताल सील कर दिया। एसडीएम ने गोराबाजार थाने में इसकी शिकायत भी जांच के लिये दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलहरी स्थित सुलखिया हास्पिटल को डाक्टर दिव्यांश सुलखिया द्वारा संचालित किया जा रहा था। यहां पर बिना अनुमति व रजिस्ट्रेशन के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मौके पर एलोपैथिक दवाइयां व इलाज किए जाने के सबूत मिलने पर सील कर दिया गया। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल में दस बिस्तर, नर्सिंग स्टाफ व इलाजरत मरीज मिले।

**गरुड़ ने सील की बिलहरी में चल रही सुलखिया अस्पताल**



पूछताछ में उन्होंने बीएएमएम (आयुर्वेद) की डिग्री होना बताया। लेकिन एलोपैथी पद्धति से इलाज कर रहे थे। जब दस्तावेज मांगे गए तो अस्पताल के संचालन से जुड़ी कोई अनुमति या रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं कराई गई। मरीजों ने पूछताछ में बताया कि वे यहां पर लम्बे समय से इलाज करा रहे है, उन्हे कभी यह जानकारी नहीं मिली कि डाक्टर एलोपैथी इलाज की योग्यता नहीं रखते है, एक मरीजा ने कहा कि यहां पर प्रतिदिन 40 से 50 मरीज इलाज कराने आते है। अधिकतर मरीजों को भरती कर इलाज किया जाता है। एसडीएम आरएस मरावी ने कहना है कि कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना के निर्देश पर जिले में बिना रजिस्ट्रेशन व बिना मान्यता प्राप्त डिग्री के चल रहे अस्पतालों व क्लीनिकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### अस्पताल में केबिन, पलंग व दवाई मिली

जांच के दौरान गरुड़ दल को हास्पिटल के अंदर डॉक्टर का केबिन, पलंग, दवाइयां, व स्टाफ सक्रिय रूप से काम करता मिला। जब टीम ने पूछताछ शुरू की तो डॉक्टर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। गरुड़ दल ने मौके से एलोपैथिक दवाइयों के कई पैकेट जब्त किए। कार्रवाई के बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है और डॉक्टर दिव्यांश सुलखिया के खिलाफ गोरा बाजार थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# पावर मेनेजमेंट कंपनी ने अनुग्रह अनुदान राशि सवा लाख की

## सेवा में रहते कार्मिक की मृत्यु पर आश्रितों को दिये जाने वाले अनुदान में वृद्धि

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी की सेवा में रहते हुए कार्मिक की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण करते हुए अधिकतम 1 लाख 25 हजार रूपए करने का आदेश आज जारी कर दिया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने मध्यप्रदेश वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 420/1-25/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को यथावश्यक संधोधन सहित ग्राह्य करते हुए किसी कंपनी कार्मिक की कंपनी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम एक लाख पच्चीस हजार अनुग्रह अनुदान स्वीकृत किया है। यह आदेश 1 अप्रैल 2025 अथवा इसके उपरांत के प्रकरणों पर प्रभावशील होगा। अनुग्रह अनुदान भुगतान करने की अन्य शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा कंपनी कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ते (एचआरए) का पुनरीक्षण कर संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। गृह भाड़ा भत्ते की स्वीकृति के संबंध में अन्य सभी शर्तें पूर्ववत यथास्थिति में लागू रहेंगी। आदेश में उल्लेख किया गया है कि यह संशोधित व्यवस्था 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील मानी जाएगी।

# क्यूआर कोड में जुआरियों को उपलब्ध कराई जाती थी रकम


## जगदम्बा कालोनी में हाईटेक जुआ फड़ पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत जगदंबा कालोनी में चल रहे एक हाईटेक जुये के फड़ पर कोतवाली पुलिस क्राईम ब्रांच की टीम ने गुड्डा जैन के निवास पर छापा मारा। जहां पर सुशील कुमार कोल उर्फ शूटर नाल काटकर जुआ खिला रहा था। यहां से 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर 57 हजार नगदी व 10 मोबाईल व एक क्यूआर कोड भी बरामद किया है। क्यूआर कोड के संबंध में पूछताछ करने पर पता चला की यदि किसी जुआड़ी के पास कैश की समस्या होती थी तो उससे क्यूआर पर पेमेंट कराकर फड़ संचालक उसे कैश उपलब्ध कराता था। सुशील कोल उर्फ शूटर मौके पर नहीं मिला, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी कोतवाली विपिन ताम्रकार ने बताया, मुखबिर की सूचना पर जगदंबा कॉलोनी निवासी गुड्डा जैन के निवास पर क्राईम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने यहां पर छापा मारा। घर के एक बंद कमरे में विवेक पटेल, राजेश साहू, आशीष पासी, आकाश यादव, शैंकी पटेल, सूरज पासी, दुर्गेश, अनुज ठाकुर, रिंकू गुप्ता, बालचंद जैन, राहुल झारिया आदि जुआ खेलते हुये पकड़ गये। जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एक क्यूआर कोर्ड तथा 57 हजार 300 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध थाना माढोताल में धारा 3/4, 13 जुआ एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गयी। छापे के दौरान एसआई चंद्रकांत झा, एएसआई धनंजय सिंह, प्रशांत सोलंकी, प्रधान आरक्षक अटल, राजेश मिश्रा और विनय मौजूद थे।



# स्विफ्ट कार में हो रही थी शराब की तस्करी

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कल रात एक मारूती स्विट कार में अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग तीन लाख रुपये की अवैध शराब जप्त की है। क्राइम ब्रांच ने शराब, कार व आरोपी गोरखपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिये। क्राईम ब्रांच के थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया, मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर क्षेत्र में टीम ने कटनी से जबलपुर आ रही मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 1893 को रोका और कार की तलाशी ली। जिसमें लोग बैठे थे और पीछे अंग्रजी शराब की पेटियां रखी हुई थी। जिसमें बैगपाइपर, 8 पीएम, आरसी, ओसी और ओल्डमंक ब्रांड भरे हुए थे। जब्त की गई शराब की कीमत करीब तीन लाख रुपए आंकी जा रही है। आरोपियों के नाम बाबा सोनकर और अतुल पटेल हैं, जिनसे पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे शहर में कहां अवैध शराब घपाने का प्रयास कर रहे थे।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. *The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges ( 0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards and HDFC bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** BALAGHAT: Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; CHHINDWARA: Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; CHHATARPUR: Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; DAMOH: Texol Honda - 9407071200, 9425096191; JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865, 7771003887; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Anand Wheels Honda - 7049919750, 7049919755, 9424994480; Anand Wheels Honda (Adhartal) - 7049919753, 7049919755; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485, 6262908035; MPsahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9479949844; MANDLA: Rajul Honda - 7642260711, 9893554611; NARSINGHPUR: Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; SEONI: Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; KATNI: Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; SHAHDOL: Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; SATNA: Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 7583808564, 6267275500; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; REWA: Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; SIDHI: Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; WAIDHAN: Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; PANNA: Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; TIKAMGARH: Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; MORENA: The Roshan Honda - 9301124000; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; AMBAH: Aryan Honda - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240